
वर्ष-12, अंक-10
इन्दौर, सोमवार
17 से 23 फरवरी 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 3 रु.

साप्ताहिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761
DAVP 133088/20/02/2020


**चाणक्य नीति**

'जो धैर्यवान नहीं है उसका न वर्तमान और न ही भविष्य'
मुझे वह दौलत नहीं चाहिए जिसके लिए कठोर यातना सहनी पड़े, या सदाचार करना पड़े, या अपने शत्रु की चापलूसी करनी पड़े।
-चाणक्य




प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com


# दिल्ली स्टेशन पर भगदड़ 18 लोगों की मौत





## प्रयागराज जाने के लिए जुटी भीड, 13 घायल

नई दिल्ली (एजेंसी)। बीती रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 3 बच्चों समेत 18 लोगों की मौत हो गई। जबकि 13 लोग घायल हैं। हादसे के पीछे कई कारण बताए जा रहे हैं एक तो यह कि स्टेशन पर प्रयागराज जाने वाली स्पेशल ट्रेन आने की सूचना पर यात्रियों ने दौड़ लगा दी जिसके कारण भागमभाग में लोग जमीन पर गिर पड़े और लोग कुचलते हुए निकल गए। दूसरा कारण ये भी है कि प्रयागराज जाने वाली ट्रेने देरी से चल रहीं हैं जिसकी वजह से भीड़ एकत्रित हो गई और इसी बीच दो ट्रेने रद्द कर दी गई जिसके कारण और अधिक लोग एक ही जगह पर एकत्रित हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक ही समय पर प्लेटफॉर्म पर कई ट्रेनों के यात्री इकट्ठा थे, साथ ही उसी दौरान एक स्पेशल ट्रेन के आने की घोषणा भी हो गई। जिसके चलते मची भागमभाग और अफरातफरी के चलते लोग गिरते चले गए और भीड़ उन पर चढ़ती चली गई। उधर घटना के बाद रेल मंत्री ने उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। यात्रियों के लिए चार विशेष ट्रेनें चलाई गई हैं। साथ ही कुछ और विशेष ट्रेनों की व्यवस्था भी की जा रही है। कांग्रेस नेता श्रीनिवास बीवी ने घटना के बाद का एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, अगर आप कमजोर दिल वाले है तो ये खौफनाक तस्वीरें मत देखें। घटना के चश्मदीदों ने बताया कि प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर रात करीब साढ़े नौ बजे मची इस भगदड़ में कई लोग सीढ़ियों पर गिरकर दब गए और ऊपर से नीचे भी गिर गए। लोगों ने बताया कि सबसे ज्यादा नुकसान सीढ़ी पर मौजूद लोगों को हुआ है। इस बारे में जानकारी देते हुए रेलवे पुलिस के डीसीपी केपीएस मल्होत्रा ने बताया कि दो ट्रेनें देरी से चल रही थीं और यात्रियों की अत्यधिक संख्या के कारण कुछ ऐसे हालात बने कि प्लेटफॉर्म पर जगह कम और भीड़ ज्यादा हो गई थी। उन्होंने बताया कि 15-20 मिनट के अंतराल में ज्यादा भीड़ इकट्ठा होने से हालात बेकाबू हो गए। आगे उन्होंने कहा कि किसी ट्रेन का प्लेटफॉर्म नहीं बदला गया था, बल्कि उस समय एक स्पेशल ट्रेन की घोषणा हुई, तो लोगों को लगा कि उस स्पेशल ट्रेन को पकड़ लें।

### हर घंटे 1500 टिकट बेचे जा रहे थे

इसी बीच रेलवे द्वारा प्रति घंटे 1500 जनरल टिकट भी बेचे जा रहे थे, ऐसे में स्टेशन पर भीड़ बढ़ती चली गई और फिर विशेष ट्रेन की बात सुनकर भीड़ बेकाबू हो गई और प्लेटफार्म नंबर 14 और प्लेटफार्म नंबर 16 के एस्केलेटर के पास भगदड़ मच गई। इस दौरान जो नीचे गिर गया वो फिर उठ नहीं पाया, क्योंकि लोग उसके ऊपर से गुजरते जा रहे थे।घटना के बाद भगदड़ से प्रभावित हुए लोगों का सामान सीढ़ी पर पड़ा दिखाई दिया।घटना के बाद सुरक्षित बचे लोग बेहोश लोगों की जान बचाने की कोशिश करते नजर आए। इस दौरान वे उन्हें सीपीआर देते दिखे साथ ही पानी छिड़ककर और हवा करते हुए भी उनको संभालते दिखे।



## अमेरिका से भारी बमों की खेप इजरायल पहुंची

तेल अवीव। इजरायली रक्षा मंत्रालय ने रविवार को घोषणा की कि 2,000 पाउंड वजनी एमके-84 भारी हवाई बमों की खेप समुद्र के रास्ते इजरायल पहुंचा दी गयी है, जिसे हाल ही में ट्रम्प प्रशासन ने अधिकृत किया था। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इजरायल रक्षा मंत्रालय के मिशन टू यूनाइटेड स्टेट्स और मंत्रालय के रक्षा खरीद निदेशालय (डीपीडी) की अंतरराष्ट्रीय परिवहन प्राधिकरण इकाई के नेतृत्व में एक संयुक्त अभियान में अमेरिकी सरकार द्वारा जारी की गयी भारी हवाई बमों की खेप इजरायल में शनिवार रात उतारी गई।

**अमृतसर एयरपोर्ट से 5 घंटे बाद घर भेजा**

## हथकड़ी और बेड़ियों से बांधा गया

अमृतसर एयरपोर्ट (पंजाब)।

अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे 116 और भारतीयों को जबरन भारत भेज दिया गया। अमेरिकी एयरफोर्स का विमान ग्लोबमास्टर शनिवार देर रात 11.30 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरा।



इस बार महिलाओं-बच्चों को छोड़कर सभी पुरुषों को हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियां डालकर विमान में बैठाया गया था। एयरपोर्ट पर ही उनके परिवार से मुलाकात कराई गई। करीब 5 घंटे की वैरिफिकेशन के बाद पुलिस की गाड़ियों में सभी को घर छोड़ा गया। इस दौरान किसी को भी मीडिया से बातचीत नहीं करने दी गई। इससे पहले 5 फरवरी को 104 अप्रवासी भारतीयों को जबरन लौटाया जा चुका है। इनमें बच्चों को छोड़कर महिलाओं-पुरुषों को हथकड़ियों और बेड़ियों में जकड़कर लाया गया था। इस तरह अब तक 220 अवैध अप्रवासी भारतीयों को भारत भेजा जा चुका है। तीसरा बैच आज (16 फरवरी) रात 10 बजे आएगा। इसमें 157 अप्रवासी भारतीय होंगे।

### युवक ने हथकड़ी-बेड़ियों की पुष्टि की, चचेरे भाई मर्डर केस में डिटेन

इस विमान में डिपोर्ट हुए होशियारपुर के दलजीत सिंह ने हथकड़ियां-बेड़ियां लगाने की पुष्टि की। उन्होंने कहा- हमारे हाथ बंधे थे और पैरों में जंजीरें डाली गई थी। वह डंकी रूट से अमेरिका पहुंचा था। वहीं डिपोर्ट होकर आए चचेरे भाइयों संदीप और प्रदीप को पटियाला पुलिस ने डिटेन किया है। उनसे जून 2023 में दर्ज कत्ल केस के मामले में पूछताछ की जा रही है।

## अफ्रीकी देशों से 17 अफगान कैदी रिहा



काबुल। अफ्रीकी देशों में कैद कुल 17 अफगान कैदियों को मुक्त कर दिया गया है और वे अपनी मातृभूमि अफगानिस्तान लौट आए हैं। विदेश मंत्रालय ने शनिवार देर रात यह जानकारी दी। मंत्रालय के उप प्रवक्ता हाफिज जिया अहमद ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट में कहा, काहिरा में अफगानिस्तान के दूतावास ने मिस्र, मोरक्को, लीबिया, सूडान और मॉरिटानिया सहित कई अफ्रीकी देशों की जेलों से 17 अफगान नागरिकों की रिहाई में सफलतापूर्वक मदद की है।

## गौतम अडानी की संपत्ति में बड़ी गिरावट

### दुनिया के अमीरों की सूची में 23वें स्थान पर



मुंबई । देश के प्रमुख रईसों में से एक अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की संपत्ति में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के अनुसार, उनकी नेटवर्थ 2.73 अरब डॉलर घटकर 66.1 अरब डॉलर रह गई है। इसके चलते वे दुनिया के अमीरों की सूची में 23वें स्थान पर खिसक गए हैं। अडानी के साथ ही भारतीय रईसों की नेटवर्थ में गिरावट देखने को मिल रही है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की संपत्ति में भी 4.55 अरब डॉलर की गिरावट आई है। इससे एशिया के सबसे बड़े रईस के स्थान पर सवाल खड़े हैं। भारतीय रईसों के बीच संपत्ति में गिरावट के कारण घरेलू शेयर बाजार में लगातार गिरावट आ रही है। इससे नामी उद्योगपतियों जैसे शिव नाडर, शापूरजी मिस्त्री, अजीम प्रेमजी, सावित्री जिंदल और दिलीप सांघवी की नेटवर्थ में भी गिरावट देखने को मिल रही है। विश्व के सबसे अमीर व्यक्ति एलेन मस्क की नेटवर्थ में भी गिरावट दर्ज की गई है, जबकि मार्क जुकरबर्ग सबसे अच्छे कमाई वाले रईस बने हुए हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में इस साल 4.55 अरब डॉलर की गिरावट आई है। वह 86.1 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 17वें नंबर पर बने हुए हैं। एचसीएल के शिव नाडर ने इस साल 4.14 अरब डॉलर, शापूरजी मिस्त्री ने 2.18 अरब डॉलर, अजीम प्रेमजी ने 18.8 करोड़ डॉलर, सावित्री जिंदल ने 5.20 अरब डॉलर और सन फार्मा के दिलीप सांघवी ने 3.40 अरब डॉलर गंवाए हैं।

## कर्नाटक कांग्रेस में घमासान

### शिवकुमार को प्रदेश अध्यक्ष से हटाने की मांग; साल के आखिर में सीएम बनाए जा सकते हैं

कर्नाटक (एजेंसी)।



कर्नाटक कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर मांग तेज हो गई है। पार्टी के कई नेता राज्य के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाने की मांग कर रहे हैं। राज्य के लोक निर्माण मंत्री सतीश जारकीहोली ने मल्लिकार्जुन खड़गे और केसी वेणुगोपाल से मुलाकात करके प्रदेश अध्यक्ष बदलने की मांग की है। वे इस पद के मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, यह बदलाव साल के अंत तक हो सकता है। इस साल उन्हें सीएम बनाए जाने की भी संभावना है। हालांकि, शिवकुमार ने इस मामले पर अब तक चुप्पी साध रखी है। कैबिनेट मंत्री केएन राजन्ना बोले- शिवकुमार को लोकसभा चुनाव तक प्रदेश अध्यक्ष बनाए रहने की बात हुई थी वहीं, कैबिनेट मंत्री केएन राजन्ना ने कहा कि शिवकुमार को लोकसभा चुनाव तक प्रदेश अध्यक्ष बनाए रहने की बात हुई थी। लेकिन सिद्धारमैया ढाई साल तक ही मुख्यमंत्री होगें, यह साफ नहीं है। राजन्ना ने कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल के 2023 के बयान का हवाला देते हुए यह कहा है।

## माली में सोने की खदान ढहने से 48 की मौत

माली (एजेंसी)। पश्चिम अफ्रीकी के माली में सोने की खदान ढहने से 48 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर महिलाएं हैं। बताया जा रहा है कि यह खदान अवैध रूप से संचालित की जा रही थी।



यह हादसा कायेस क्षेत्र के केनीबा जिले में स्थित डाबिया कम्यून के एक गांव बिलालकोटो में हुआ। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारी ने कहा कि कैटरपिलर मशीन एक कारीगर खदान पर गिर गई, जहां महिलाएं सोने की तलाश का काम कर रही थीं। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि 48 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब 10 गंभीर रूप से घायल हुए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि करीब 50 मौतों की रिपोर्ट है। अभी? अस्थायी तौर पर भी सटीक संख्या की पुष्टि करना मुश्किल है, क्योंकि कुछ चोटों की गंभीरता के कारण किसी भी समय यह संख्या बढ़ सकती है। राहत और बचाव कार्य जारी है। इस तरह की एक घटना कौलीकोरो क्षेत्र के कंगाबा जिले के डांगा इलाके में हुई थी। 29 जनवरी को खनन स्थल पर सोने की खदान ढहने से करीब 10 लोगों की मौत हो गई थी। कुछ दिनों पहले भी माली की सेना की निगरानी में जा रहे वाहनों के काफिले पर बंदूकधारियों ने हमला कर दिया था। इस घटना में 25 लोग मारे गए थे। सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि मरने वालों में अधिकतर सोने की खदान में काम करने वाले मजदूर थे। यह हमला देश के उत्तर-पूर्व में स्थित सबसे बड़े शहर गाओ से करीब 30 किलोमीटर दूर हुआ, जहां सत्तारूढ़ जुंटा के विरोधी सशस्त्र समूह सक्रिय हैं। यह इस साल नागरिकों पर किया गया सबसे घातक हमला था।

## पाकिस्तान से कैलिफोर्निया तक कांपी धरती

इस्लामाबाद । बीते रोज पाकिस्तान में देर रात धरती कांपने लगी। इससे लोगों में हड़कंप मच गया। कई लोग नींद थे उन्हे जगाया गया और बाहर निकलने को कहा गया। हालांकि कोई क्षति नहीं हुई है। वहीं अमेरिका के कैलिफोर्निया में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। पाकिस्तान के रावलपिंडी और इस्लामाबाद में शनिवार देर रात जब लोग सो रहे थे, तभी भूकंप के कारण धरती हिल गई। पाकिस्तान में भूकंप के झटके महसूस किए गए। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, भूकंप का केंद्र रावलपिंडी से आठ किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में था। इसकी गहराई 17 किलोमीटर थी। भूकंप का झटका रात 10-48 बजे दर्ज किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक झटके मुरी और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में भी महसूस किए गए। झटके के कारण अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक भूकंप के झटकों ने दोनों शहरों में दहशत फैला दी।

# संपादकीय

## मुख्यमंत्री वीरेन सिंह का इस्तीफा

मणिपुर विधानसभा सत्र के कुछ घंटे पहले मुख्यमंत्री वीरेन सिंह ने अपना इस्तीफा दे दिया है। 3 मई 2023 से मणिपुर में जातीय हिंसा हो रही है। मणिपुर के सैकड़ों नागरिक जिसमें महिला और बच्चे भी शामिल हैं 21 महीने की हिंसा में मारे जा चुके हैं। हजारों की संख्या में मैतई और कुकी समुदाय के महिला, बच्चे और पुरुष शरणार्थी शिवरों में रह रहे हैं। अपने ही राज्य में हजारों की संख्या में भारी ठंड के बीच लोगों का शरणार्थी शिवरों में रहना कितना अपमान कारक और कितना असुरक्षित है इसे आसानी के साथ समझा जा सकता है। मणिपुर की पूर्व राज्यपाल अनसूईया उईके ने दोनों समुदायों के बीच में समन्वय बनाने की काफी कोशिश की लेकिन मणिपुर के मुख्यमंत्री वीरेन सिंह की हठधर्मिता तथा केंद्र सरकार का सहयोग नहीं मिलने के कारण मणिपुर आग में सुलगता रहा। मणिपुर के दो दर्जन से अधिक विधायक जिसमें दोनों ही समुदाय के तथा भाजपा के विधायक भी थे, इन्होंने भी मुख्यमंत्री को हटाने की मांग की थी लेकिन किसी भी मांग को केंद्र सरकार ने स्वीकार नहीं किया। इस कारण मणिपुर समय-समय पर धधकता रहा। कुकी और मैतई समुदाय के विवाद में हर माह कोई ना कोई हिंसा होती रही। मुख्यमंत्री वीरेन सिंह के ऊपर लगातार आरोप लगते रहे कि वे मैतई समुदाय के नागरिकों को भड़काकर यहां पर हिंसा भड़का रहे हैं। हाल ही में मणिपुर के 33 विधायक एकजुट होकर राजधानी दिल्ली पहुंचे थे। इनमें भाजपा के विधायक भी थे। सभी विधायकों ने गृह मंत्रालय में अमित शाह से मुलाकात कर मुख्यमंत्री वीरेन सिंह के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का अल्टीमेटम दिया। उसके बाद केंद्र सरकार के कान खड़े हुए। मुख्यमंत्री वीरेन सिंह चारों ओर से मुसीबत में घिर चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता ने मुख्यमंत्री के ऑडियो क्लिप की जांच और कार्रवाई करने की मांग सुप्रीम कोर्ट से की थी। इस ऑडियो क्लिप की जांच रिपोर्ट आ चुकी है, जिसमें मुख्यमंत्री की आवाज होना प्रमाणित पाई गई है। इस आवाज में मुख्यमंत्री वीरेन सिंह मैतई समुदाय को हिंसा भड़काने की अनुमति दे रहे हैं। इस ऑडियो क्लिप के बाद बड़े पैमाने पर कुकी समुदाय के लोगों का नरसंहार हुआ था और उनके चर्च जलाए गए थे। इस मामले की सुनवाई जल्द ही सुप्रीम कोर्ट में होने वाली है। ऐसी स्थिति में अब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उनका इस्तीफा लेना जरूरी समझा। विधानसभा सत्र शुरू होने के 24 घंटे पहले यह इस्तीफा हुआ है। परिणाम स्वरुप विधानसभा का सत्र अब नही होगा। मणिपुर में अब मुख्यमंत्री का चयन किया जाएगा या राष्ट्रपति शासन लागू होगा इसको लेकर अभी तक कोई स्थिति साफ नहीं हुई है, जिसके कारण मणिपुर राज्य में अस्थिरता का वातावरण बना हुआ है। मणिपुर में अभी तक 250 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। 60000 से अधिक नागरिक बेघर हुए हैं। मणिपुर में 4786 घरों में आग लगाई गई है। 386 धार्मिक स्थल जिनमें अधिकांश से चर्च हैं उन्हें नष्ट किया गया है। नागरिकों के ऊपर हिंसा के 6000 से अधिक मामले दर्ज हैं।

# सच्चा प्यार

कहानी

कामना मध्यम परिवार की लड़की थीं।तीन बहनों में सबसे बड़ी थीं।बड़ी होने के कारण घर की जिम्मेदारी भी उसी की थीं।मम्मी बीमार हो जाए या पापा बीमार हो जाए ,उसे ही स्कूल की छुट्टी करना पड़ता था।पढ़ाई में होशियार थीं।पडो़स में रहने वाले पंकज से नोट्स लेकर अपना कोर्स पूरा कर लेती थी और हमेशा अच्छे नम्बरों से पास हो जाती थीं।उम्र बढ़ने के साथ-साथ ही उसकी क्लास भी बढ़ रही थीं।अब वह कॉलेज में आ गई थीं।पंकज और वह दोनों एक ही कॉलेज और एक ही क्लास में थें ,इसलिए दोनों साथ ही कॉलेज जाते - आते थें।पंकज अमीर परिवार से था इसलिए वह पैसों की कीमत नही समझता था। पंकज हमेशा अपने दोस्तों से घिरा रहता और क्लास में न जाकर कॉलेज की कैंटीन में अपना समय बिताता।कामना हमेशा उसे यहीं समझाती कि तुम समय की और पैसों की कीमत समझो,अच्छे समय में सब साथ देते है लेकिन बुरे समय में जो साथ दे वही सच्चा साथी है।तुम अपने दोस्तों पर पैसा खर्च करना बन्द कर दो तो तुम्हारे पास जो दोस्तों की भीड़ है वह चुटकी में गायब हो जायेगी ।लेकिन पंकज कामना की बातों को हवा में उड़ा देता।पंकज के घर वाले कामना को बहुत प्यार करते थे।वह जानते थे कि कामना ही वह लड़की है जो उनके इकलौते बेटे की जिंदगी में बहार ला सकती है।दरअसल पंकज अपनी दादी के लाड़ दुलार से बिगड़ गया था।स्कूल तक तो ठीक ठाक पास हो जाता था ,कामना भी पढ़ाई में मदद कर देती थीं। लेकिन कॉलेज में आकर तो उसके रंग ढंग बदल ही गए थे।दादी उसे जेबखर्च के पैसे देती और वह पापा से भी कई बहानों से पैसें मांग लेता और कॉलेज में आकर दोस्तों के साथ क्लास के बाहर समय बिताता।इस तरह पूरा साल बीत गया।जब परीक्षा नजदीक आई तो उसे पढ़ाई याद आई ,लेकिन जब तक बहुत देर हो चुकी थी।उसने कामना से कहा - पढ़ाई में मेरी मदद कर दे,कामना ने अपने सारे नोट्स उसे पढ़ने को दे दिए,लेकिन पंकज को तो कुछ समझ ही नही आ रहा था कि नोट्स में क्या लिखा है उसकी आंखों के सामने अंधेरा छाने लगा।यदि वह इस साल फेल हो गया तो सभी मेरा मजाक उड़ाएगें और पापा और दादी भी पैसे देने बन्द कर देगें।पूरी परीक्षा के दौरान पंकज बहुत खामोश रहा उसने अपने दोस्तों से मिलना भी बन्द कर दिया।लेकिन अब पछताने से क्या होता कीमती समय तो निकल गया था।परीक्षा का रिजल्ट आ गया।पंकज सिर्फ एक विषय में पास हुआ बाकी सारे विषयों में फेल हो गया था।घर में सबकी डांट पड़ी और कामना का साथ अलग छूट गया।कामना प्रथम श्रेणी में पास हुई थी।कामना ने फिर भी पंकज को समझाया कि अब भी मेहनत करके पास हो सकते हो बस अपने चापलुसी दोस्तों का साथ छोड़कर पढ़ाई में ध्यान दो ,तो सब ठीक हो जायेगा।तब तो पंकज ने चुपचाप कामना की बात सुन ली,कामना ने भी सोचा हो सकता है पंकज को सच में मेरी बातों का असर हुआ है।कुछ दिनों बाद पंकज का वही रवैया शुरु हो गया।अब तो कामना ने उस पर ध्यान देना ही बन्द कर दिया।पंकज की दोस्ती इस साल कॉलेज में आई एक नई लकड़ी रीना से हो गई।रीना देखने में सुन्दर थीं लेकिन उसकी दोस्ती पंकज के अलावा और कई लड़कों से थी।उसका काम लड़कों के साथ घूमना - फिरना और लड़कों से गिफ्ट लेना था।वह अपनी सहेली के साथ एक कमरे में रहती थीं,उसके चाचा - चाची ने उसे पाला था।चाचा जी समय से पैसे भेज देते थे ।बाकी समय रीना के बारें में कोई खोज - खबर नही लेते थे।इसी बात का फायदा रीना उठाती थी।कामना ने जब पंकज को रीना से दूर रहने की सलाह दी तो पंकज से उससे कहा तुम रीना की खूबसूरती से जलती हो इसलिए ऐसा कह रही हो।रीना बहुत अच्छी लकड़ी है।मुझे बहुत चाहती है।पंकज की बात सुनकर कामना ने सिर्फ इतना ही कहा रीना तुम्हें कितना चाहती है यह तो वक्त आने पर पता चल ही जायेगा और फिर कामना ने पंकज से बात करना छोड़ दिया।फरवरी का महीना आ गया था।सभी लोग वैलेंटाइन डे के लिए बेहद उत्साहित थे।सभी अपने खास दोस्त को खूबसूरत गिफ्ट देना चाह रहे थे।पंकज ने रीना के लिए खूबसूरत साड़ी खरीदी और उसे उम्मीद थीं कि रीना उस दिन जरुर अपने प्यार का इजहार करेगी।लेकिन होनी को तो और ही कुछ मंजूर था।बाजार से लौटते समय पंकज का कार से एक्सीडेंट हो गया।उसे अस्पताल में एडमिट कराया गया।खबर मिलते ही उसके मम्मी - पापा और दादी अस्पताल आए।पंकज की हालत काफी खराब थीं।पत्थर पर गिरने के कारण उसके चेहरे में काफी चोट आई थी।सिर में गहरी चोट थीं ,तुरन्त ही उसका आपरेशन किया गया।डाक्टर का कहना था उसे ब्रेन हेमरेज हुआ है।ठीक होने में समय लगेगा।कामना भी अपनी मम्मी -पापा के साथ दूसरे



दिन अस्पताल पहुंची। पंकज की मम्मी और दादी का रो रोकर बुरा हाल था।कामना के परिवार ने उन्हें ढांढस बंधाया और कहा ईश्वर पर विश्वास कीजिए सब ठीक होगा।दूसरे दिन पंकज के कुछ ही दोस्त उसे देखने आए और कॉलेज में ये अफवाह फैला दी कि पंकज अब कॉलेज नही आ पायेगा।कुछ दिन में पंकज की हालत में सुधार होने लगा।कामना अधिकांश ही उससे मिलने आती थी।पंकज अभी पूरी तरह ठीक नही हुआ था,उसे बोलने में परेशानी थी,लेकिन बात सारी समझ रहा था।आज 14 फरवरी वैलेंटाइन डे का दिन था।कामना हल्के गुलाबी रंग का सूट पहन कर आई थी।आते ही पंकज की मम्मी को खाने का टिफिन दिया और वापिस जाने लगी तो उसे लगा अचानक पंकज कुछ बोलने की कोशिश कर रहा है।उसने पंकज की मम्मी को कहा चाची देखो शायद पंकज कुछ कहना चाह रहा है।पंकज की निगाह दरवाजे पर लगीं थीं उसे रीना का इंतजार था।रीना एक बार भी उससे मिलने नही आई थीं।पंकज की मम्मी ने कामना से पूछा पंकज दरवाजे पर क्यों टकटकी लगाए है ,तब न चाहते हुए कामना ने रीना और पंकज की दोस्ती के बारें में बता दिया।पंकज की मम्मी ने पंकज के सिर पर हाथ फेरते हुए कहा- बेटा रीना तो आज तक एक बार भी तुम्हें देखने नही आई,अगर तुमसे प्यार करती तो सेवा चाहे न करती लेकिन देखने तो आती क्या उसे तेरी फ्रिक नही होती,मुझे तो वह लड़की ठीक नही लग रही है,लेकिन फिर भी तुम उसे चाहते हो तो हमें यह रिश्ता मंजूर है।लेकिन शादी कुछ साल बाद ही करेंगे।मम्मी की बात सुनकर पंकज के चेहरे की रंगत ही बदल गई।कामना भी अब वापिस कॉलेज आ गई थी।आते ही उसने रीना को देखा वह क्लास के लड़के के साथ कार में घूमने जा रही है।कामना ने न चाहते हुए उससे कहा रीना तुम पंकज से मिलने एक बार भी नही गईं ,कॉलेज में तो दिनभर उसके साथ रहती थीं। एक बार उससे मिलने चली जाओ वह तुम्हारा इंतजार कर रहा है।वैसे तो कामना को मालूम था ,रीना पंकज से मिलने नही जायेगी पर पंकज की खुशी की खातिर ही उसने रीना से यह बात कहीं।कामना की बात सुनकर रीना ने हंसते हुए कहा- कौन पंकज ? मैं किसी पंकज को नही जानती।अब वह मेरा किसी काम का नही है और मैं बिना काम की चीजों को फेंक देती हूँ तब कामना ने कहा पंकज कोई चीज नही है,वह तुम्हारा प्यार है।तब रीना ने कहा कौन सा प्यार।मैंने कभी उससे प्यार किया ही नही बस मतलब निकाला था।मतलब खत्म, दोस्ती खत्म।इतना कहकर वह लड़के के साथ कार में बैठकर चली गई।कामना कुछ देर तक वही खड़ी रही फिर क्लास में न जाकर अपने घर आ गई और मम्मी को सारी बातें बतलाई।शाम को पंकज से मिलने मम्मी के साथ गई और रीना ने जो कहा उसकी पूरी रिकाडिंग पंकज की मम्मी को सुनाई।पंकज की मम्मी ने कहा मुझे तो पहले से ही मालूम था रीना लड़की ठीक नहीं है ,लेकिन पंकज को यह बात समझ नही आ रही थीं।खैर भगवान जो करता है अच्छा ही करता है।थोड़े दिनों में पंकज काफी हद तक ठीक हो गया और थोड़ा -थोड़ा बोलने की कोशिश भी करने लगा।पंकज की जिद पर उसके मम्मी - पापा उसे कॉलेज लाए।पंकज एक बार रीना को देखना चाह रहा था।कॉलेज में आते ही उसकी नजर रीना को ढूंढ़ने लगीं।तभी रीना अपने नए दोस्त के साथ कैंटीन से निकल रही थी।रीना को देखते ही पंकज खुश हो गया ,पंकज को लगा रीना उसके पास आयेगी और अफसोस करेगी न मिलने का ,लेकिन रीना ने पंकज को देखकर भी अनदेखा कर दिया और उसके सामने से निकल कर अपने नए दोस्त की कार में बैठकर उसके सामने से बाय करते हुए चली गई।पंकज को विश्वास ही नही हुआ अपनी आंखों पर,क्या ये वही रीना है जो उसके लिए पागल थीं।पंकज की आंखों से आंसू निकल पड़े और वह धीमे और लड़खड़ातें कदमों से अपनी गाड़ी की और चल पड़ा।रास्ते भर वह रोता रहा ,उसकी मम्मी ने भी कहा बेटा जी भर के लिए रो ले।ऐसे रिश्ते पर आज के बाद आंसू न बहाना,फिर उन्होंने कामना द्वारा दी गाई रीना की रिकाडिंग सुनाई।रिकाडिंग सुनकर पंकज फूट- फूटकर रोने लगा उसकी मम्मी ने कहा अच्छा हुआ मतलबी रिश्ता खत्म हो गया।ऐसा रिश्ता ज्यादा दिन तक नही चलता।कॉलेज से लौटते हुए पंकज के पापा ने कार कामना के घर पर रोक दी।उनका तो पहले से ही आना जाना था।पंकज को देखकर कामना ने जल्दी से उसका हाथ पकड़ा और कमरे में ले आई ।पुरानी बातों का दौर शुरु हुआ तो



समय का पता ही नही चला।दोपहर को सबने साथ ही खाना खाया।पंकज अब धीरे -धीरे ठीक हो रहा था।उसने फिर से कॉलेज जाना शुरु कर दिया ,लेकिन इस पंकज में और पहले के पंकज में जमीन असमान का अंतर आ गया था।पंकज बहुत धीर गम्भीर हो गया था।उसके चापलुसी दोस्त सब दूर हो गए थे क्योंकि पंकज घर से कॉलेज और कॉलेज से घर जाता था।कभी कभार कामना के घर चले जाया करता था।कामना भी उसे अपने पुराने नोट्स देकर उसकी पढ़ाई में सहायता करती रहती थी।इसी तरह दिन निकल रहे थे।इस बार पंकज अच्छे नम्बरों से पास हुआ था और उसका श्रेय उसने कामना को दिया और कहा अगर कामना नही होती तो वह डिप्रेशन में चले जाता।उसकी बात सुनकर पंकज की मम्मी - पापा ने कहा कि जब तुम्हें मालूम है कामना ही तुम्हारी सबसे अच्छी दोस्त है,तो क्यों मतलबी दोस्तों को अपना दोस्त बनाते हो।तब पंकज के पापा ने कहा क्यों न पंकज की इस दोस्त को हमेशा के लिए घर ले आए।पंकज की मम्मी ने पंकज को देखा तो पंकज ने कहा जैसी आपकी इच्छा तब पंकज के पापा ने कहा ठीक है तेरी इच्छा नही है तो रहने दे हम कामना की शादी कहीं और कर देते है तब पंकज बोला नही पापा मेरी बचपन की दोस्त को तो मैं किसी को नही दुगां वैसे भी इसकी कीमत मैंने काफी समय बाद जानी है ।पंकज की बात सुनकर पंकज की मम्मी ने क्यारी से गुलाब तोड़कर पंकज को देते हुए कहा पंकज ये गुलाब कामना को दे आया । हमारे लिए तो आज ही वैलेंटाइन डे है और पंकज का परिवार कामना के घर चल दिया। वहां पहुँच कर पंकज की मम्मी ने सारी बात कामना के परिवार को बताई।पंकज ने गुलाब कामना को दिया। सब ने एक दूसरे को बधाई दी और कामना की बहनों ने गुलाब की बारिश करते हुए कहा हैप्पी वैलेंटाइन डे......

रेणु लैसी
फ्रांसिस ( इंदौर )

# कहानी

## स्नान

कहानी

रात के चार बजे कुत्तों के भौंकने की आवाज ने नींद हरामकर दी थी। लोगों की आवाजाही जारी थी। कोई कह रहा था कि चार पॉच कुत्तें ये बाहर के है। कोई इस मोहल्ले में छोड़ गया है तभी तो नये कुत्तों को देख ये पुरानें इतनी जोर से भौंक रहे है। मोहल्ले के रहवासी तथा राहगीर इन्हें चुप कराने का प्रयास कर रहे थे। कोई चिल्लाकर कोई पत्थर मार कर लेकिन उसे चुप कराने में नाकामयाब रहे तभी तो उनका उत्साह दुगुना हो कर तेजगति से भौंक रहे थे। तभी रहवासीयों ने सोचा इन्हें अपनी नींद से कोई मतलब नही अतः अब उन्हें चुप कराने वाली समझाइष बंद कर दी थी। कुत्तों का भौंकना तो जारी था। पर्यटकों की आवाजाही अब प्रारंभ हो चुकी थी। कुछ उन्हें चिढ़ाने की शरारत तो कोई पत्थर मारने का प्रयास चुप करवाने या उन्हें तेज गति से भौंकने का काम था। रहवासी बार-बार समझा रहे थे कि भाई साहब ! ये बहुत खतरनाक कुत्तें है अतः आप इनका नाम न लीजिए और अपने इस काम को बंद कर दीजिए। उन रहवासियों का समझाइष का कोई असर न हुआ। उन्होनें उनकी बातों को मजाक में लिया लेकिन कुत्तों पर असर इतनी जल्दी हुआ कि प्रतिकुल परिणाम देने के लिए उन्होनें दो तीन को अपनी चपेट में ले काट लिया। अब सब परेषान थे कि इस स्थिति में कि अब बहते रक्त को कैसे रोका जाए। तत्काल ऑटो बुलवाकर उपचारार्थ अस्पताल लाया गया। इंजेक्षन के अभाव में दर्द का सहन करने के कारण बिलख रहा था। संबंधित को शहर लाया गया। परेषानी पीड़ा, अभाव तथा रूपयों का खर्च ने उनकी पर्यटन यात्रा को अधुरी ही छोड़ दी थी। कहॉ गये थे? कहॉ गये थे? क्या करने? और क्या करके आ गये? लौट के बुद्धु घर को आये वाली कहावत उनके साथियों को आज सही साबित हो रही थी। कह रहे थे न तो हम पर्यटन क्षेत्र को देख पाए और न पवित्र नदी में स्नान कर पायें।

प्रदीप शर्मा, 27, नर्मदा मार्ग महेश्वर

## रेडियों की महिमा

कहानी

बेटी काम करते वक्त तो हाथ से मोबाईल बंद कर दिया करो। मोबाईल के चक्कर में एक भी काम ठीक से नहीं कर पाती हो।

मम्मी ! तुम्हारें जमाने में मोबाईल नहीं था यदि होता तो आप भी ....। हमारे जमाने में तो रेडियों होता था उसे यूं हाथ में लेकर नहीं घुमना पड़ता था।उसे सिर्फ एक जगह रख देते थे और काम भी करते जाते थे उसमें देखना नही सुनना पड़ता था। उससे काम भी अच्छे और जल्दि होते थे।मोबाईल से तो मुझे सुधार की जगह बिगाड़ ही होता नजर आता है ।रेडियों की तुलना मोबाईल से नहीं हो सकती उसमें में हर उम्र के लोगों महिला ,किसान, युवा सबके ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आते थे वह भी समय समय पर ।तुम क्या जानो, रेडियों की महिमा बड़ी ही न्यारी थी।

महेश गुप्ता राही
गुजरी चौक राजपुर (बड़वानी)

## गांव से कस्बे की ओर

लघुकथा

एक सच्चाई भरी कहानी

सत्तर, अस्सी के दशक के संधि काल के समय की बात होगी।

गांव में रहकर ही अध्यापन के अतिरिक्त बच्चो में आमूलचूल परिवर्तन चाहता था।

और ऐसा हुआ भी बच्चों मैं रहन-सहन का ढ़ंग, शरीर की स्वच्छता , बोलचाल में नम्रता । कंच्चा, गोटी ,छप्पा छप्पी गुल्ली डंडा आदि खेलो का गांव मे खेलने पर प्रतिबंध लगा दिया था।

स्कूल मे प्रतिदिन एक घंटा खेलों के लिए रखा गया था जिसे रोजाना बच्चो रुचि लेकर स्कूल में खेलते थे। ऐसे नियम लागू होने के बाद जो बच्चे स्कूल नहीं आते थे वह भी स्कूल में आने लगे ,साथ ही दूसरे गांव, मजरे के बच्चे भी हमारी प्राइमरी स्कूल में प्रवेश लेने लगे थे। स्कूल में हम चार शिक्षक थे। सभी मेहनतकश शिक्षक थे ।मुझे एच0 एम0ने स्कूल संबंध में जो भी परिवर्तन या कोई नये नियम लागू करने के लिए पूरी छुट दे रखी थी।

मध्यान भोजन पर पूरा पूरा ध्यान दिया जाने लगा

कभी बिस्किट कभी मूंगफली कभी दलिया आदि का बच्चे सेवन करने लगे थे। प्रति शनिवार बाल सभा के आयोजन को आयोजित किये जाने से बच्चो मे अति उत्साह जागा जिसमे

बच्चे बड़ चढ़ कर भाग लेने लगे थे। अपनी स्थानिय बोली में भी कहानी कविता गीत सुनाते थे। धीरे-धीरे बच्चों को जैसे पराग, चंदा मामा आदि बाल पुस्तकों में से कविता कहानी सुनाने का अवसर दिया जाता था साथ ही अपनी पाठ्य पुस्तक की कविताएं



कहानियां भी बच्चे सुनाने लगे थे। जिससे बच्चों में अपने आप नव जागृति पैदा हो रही थी।

भला ऐसे माहौल में से एक सच्चे गुरु का गांव से कस्बे की ओर जाना कितना दूभर होगा,वह शिक्षक ही समझ सकता था।

पर आखिर मै क्या करता मेरी मजबूरी थी मेरी श्रीमती को आए दिन बुखार , टाइफाइड ने घेरे रखा था । किसी मरीज को बारीश के समय उपचार कराने हेतु ले जाने को तीन किलोमीटर की दूरी तय करना होती थी ।हॉस्पिटल जाने के लिए घोड़ी पर बैठा कर ही ले जाने का एक मात्र विकल्प थी।

हमने ऐसे हालात से निजात पाने के लिए कस्बे मे किराये का मकान देख वही रहने का निश्चय किया

लेकिन यह बात गांववालों को गवारा ना लगी।

एक अवकाश के दिन बैलगाड़ी मे अपनी गृहस्थी का सामान बांध रख ही रहा था कि यह बात उस छोटे से गांव मे बिजली की भांति फैल गई ,बैलगाड़ी चलने को ही थी कि आठ दस गांव की वरिष्ठ जन व गांव के पटेल न जाने कहां से प्रगट हुए। सभी बैलगाड़ी के आगे घेरा बना कर खड़े हो गये।

पटेल ------ हाथ जोड़ के मुझसे बोलने लगे,,, ,,, माड़साब हम आपके हमारा गांव के छोड़ीके दूसरी जगे नी जाने दांगा।

आपके अनी गांव में कोई तकलीफ हो बताओ।

मैने सर्व प्रथम पटेल साहब ने मेरे प्रति हाथ जोड़ विनती करते हुए हाथो को अलग करते हुए उन्है बड़े अदब से कुर्सी पर बैठाया, सभी के लिए पानी मंगवाया।

मैंने उन्हें केवल एक ही बात समझाई कि मैं यहां से कोई तबादला करा के नहीं जा रहा हूं । मेरी कुछ मजबूरियां है मेरी श्रीमती का स्वास्थ्य ठीक न रहने की अवस्था मे आए दिन उनका स्वास्थ्य गिरता जा रहा है ,कस्बे में जाकर अच्छे से डॉक्टर को दिखाकर वही उपचार करना चाहता हूं। इसलिए केवल मैं अपने रहने की जगह बदल रहा हूं न गांव न स्कूल छोड़े जा रहा हूं।

गांव के एक बुजुर्ग बोले,,,,, अरे माड़साब आप रहता तो गांव में इन बच्चा ना पर जरा धाक रेती। तीसरा व्यक्ति बोला ,,, ,, माड़साब आपने तो दो

साल मेज गांव की काया पलट के रखीदी। छोरा छोरी की सकल बदली दी तमने तो।

मैने उन्है समझा कर कहां ऐसी कोई बात नही आप सभी के बच्चे मेरे बच्चे के समान है वे बड़े भोले ,भाले, सीधे ,सच्चे है उनका मै नुकसान नही होने दूगा उनकी उन्नती के लिए मै सदा तत्पर रहुंगा। आप सभी निश्चिंत रहिए और हां मे स्कूल समय से एक घण्टे पूर्व गांव मे एक चक्कर लगा कर गांव की धर्मशाला मे बच्चो को पढ़ाई मे आने वाली दिक्कतो को हल करने की कोशिश करुगां।

सभीआये वरिष्ठ जनो ने ताली बजा कर मेरे बात का समर्थन किया।

मुझे जाने देने के लिए एक तरफ हट रास्ता दिया और सभी मेरे साथ हो लिए मैने उनसे हाथ जोड़ अनुरोध किया कि आप सभी अपने घर पधारे उन वरिष्ठजनों में से एक बोले माडंसाब या हमारा गांव रित है कोई भी अच्छा काम का लिए गांव का बायर जावे तो गांव वाला उका सम्मान मे उनके गांव का गोयरे तक विदा करी के आवे।

फिर गांव का छोर आने पर मैने सभी का अभिवादन करते कृतज्ञता प्रकट करते हाथ हिलाते हिलाते मै गाड़ी के पीछे पीछे बैलो के गले मे बंधी घट्टियो की आवाज सुनते सुनते चला जा रहा था।

भीमसिंह पंवार
भीमू.इन्दौर

## आपरेशन अंधा !

कहानी



नई मंहगी कार लेते ही उमेश का दिमाग सातवें आसमान पर पहुंच गया। रिश्तेदारों, दोस्तों में भी उमेश की मंहगी चमचमाती कार के चर्चे होने लगे।

दोस्तों के साथ हिल स्टेशन पर्यटन पर निकले उमेश की शेखचिल्ली बातें मंनोरंजन का साधन बनी रही। उमेश कार फर्राटे से दौड़ने लगा।

सुरेश ( उमेश से ) मान गए उमेश। नई नवेली कार भगाने में तुम्हारा जवाब नहीं। गजब की मास्टरी है तुम्हारी कार ड्राइविंग पर।

उमेश ( मित्रों से ) दोस्तों बचपन में तो लकड़ी की काठी खेलकर मन समझा लिया करते हैं। अब मेरे पास दौलत और शोहरत सभी हैं। इसलिए जीवन के मजे ले रहा हूं।

बातचीत करते हुए सभी मित्र हिल स्टेशन पर पहुंच गए। दिनभर सभी ने खूब एन्जॉय,मौज मस्ती की। सूरज ढलने लगा। सभी मित्रों ने रात वहीं रूकने का आग्रह किया। उमेश को रात में ड्रायविंग के करतब दिखाने का भूत सवार हो गया।

उमेश बोला कार चलाने का सही मजा तो रात के अंधेरे में ही आता है। सुनसान सड़कों पर लहराती बलखाती कार में सफर करने का मजा ही कुछ और है।

उमेश ने दोस्तों की एक नहीं सुनी। पहाड़ी रात के अमावसी अंधेरे में कार नागिन की तरह बल खाकर दौड़ने लगी। रास्ते के ढाबे में सभी ने छककर खाना खाकर ड्रिंक की। चमचमाती कार फिर चल पड़ी। नशे में चूर दोस्त सुरेश बोला आज की पार्टी में मजा आ गया। उमेश का जवाब नहीं। गाड़ी पर उसका पूरा कंट्रोल है। चंद घंटों में हम सभी अपने अपने घरों में मिलेंगे।

अंधरी रात ने काली चादर ओढ़ ली।थके हारे उमेश के हौसले जवाब देने लगे। लेकिन दोस्तों के उकसावे और शराब के नशे में उसकी आंखों पर पट्टी बांध दी। पहाड़ी ढलान पर अचानक कार बेकाबू होकर गहरी खाई में गिरकर पेड़ों में उलझ गयी। पीछे से आ रही कार वाले ने जैसे तैसे पुलिस को एक्सिडेंट की खबर की। पहाड़ के अंधे मोड़ की अनदेखी करने की सजा सभी को एकसाथ मिली। खून में लथपथ दोस्तों को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकालकर दवाखाने भिजवाया गया। रेस्क्यू टीम ने कहा हमारा आपरेशन अंधा सफल रहा।रात के अंधेरे में तुम आंखों के अंधों का जीवन बचाने के लिए यह सब करना पड़ा। ईश्वर का धन्यवाद करिये आप सभी जीवित हैं।

डॉ रमेशचन्द्र शर्मा
इंदौर

## डीएसटी-टीईसी, मेडी-केप्स विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्लस्टर मीट का आयोजन



इंदौर। मेडी-केप्स विश्वविद्यालय के डीएसटी-टेक्नोलॉजी इनेबलिंग सेंटर (टीईसी) ने शिक्षा जगत और कृषि उद्योग के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक कृषि क्लस्टर मीट की सफलतापूर्वक मेजबानी की।

इस कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित अतिथि उपस्थित थे, जिनमें प्रो(डॉ) डी.के. पटनायक, कुलगुरु, मेडी-केप्स विश्वविद्यालय; श्री आशीष कुमार कनेश, संयुक्त निदेशक, उद्यानिकी, उज्जैन; श्री दयाराम जाटव, संयुक्त निदेशक, उद्यानिकी, इंदौर; प्रो. (डॉ.) बिरजाशीष पटनायक, प्रति कुलगुरु, मेडी-केप्स विश्वविद्यालय; श्री धूम सिंह चौहान, उप निदेशक, बागवानी; श्री शिव सिंह राजपूत, उप निदेशक, कृषि; श्रीमती शार्ली थॉमस, उप निदेशक, एटीएमए; सुश्री सुनीता वर्मा, सहायक निदेशक, कृषि; श्री रानीश कुमार शर्मा, सहायक बीज प्रमाणीकरण अधिकारी; डॉ. आर.एस. टेलर, कार्यक्रम समन्वयक, केवीके, इंदौर; और डॉ. आर.के. शुक्ला, सह-समन्वयक, टीईसी, मेडी-केप्स विश्वविद्यालय।

बैठक में आठ सरकारी अधिकारियों, 40 प्रगतिशील किसानों, 30 कृषि उद्योग प्रतिनिधियों और अकादमिक पेशेवरों की भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम के दौरान क्षमता निर्माण, कौशल विकास कार्यक्रम, उद्योग संपर्क, वित्त पोषण के अवसर, संसाधन आवश्यकताओं और वृद्धि और विकास के प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित थी। सत्र सभी हितधारकों की बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और सिफारिशों के साथ संपन्न हुआ, जिससे कृषि क्षेत्र में मजबूत उद्योग-अकादमिक सहयोग का मार्ग प्रशस्त हुआ।

## नशा मुक्ति जागरूकता शिविर आयोजित




इंदौर। मध्यप्रदेश पुलिस पेंशनर्स संघ के तत्वावधान में प्रांतीय अध्यक्ष एम.पी. सिंह परिहार के आव्हान पर प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष एस पी एस चौहान के नेतृत्व में चाणक्य पुरी चौराहे पर नशा मुक्ति जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

पेंशनर्स संघ के संतोष पाठक, जी. एस. तिवारी, प्रकाश शाही, वी. एस. कुशवाह, अश्विनी चतुर्वेदी, पंडित आर.के. शुक्ला, कृष्णधर दुबे, महादेव चौहान, बृजराज चौहान, रामप्रताप बाजपेई, कृष्णदास चतुर्वेदी, इंद्रदेव यादव, हरजेंद्र पाल, जितेंद्र, रामराज यादव, मदन वर्मा एवं बड़ी संख्या में उपस्थित सदस्यों ने चारों सिग्नल पर वाहन चालकों को नशा मुक्ति के खिलाफ पर्चे वितरित किए ।

कार्यकारी अध्यक्ष एस पी एस चौहान ने बताया कि नशे के खिलाफ सभी आमजन को समझाइश दी कि कैसे आज के युवा नशे की गिरफ्त में फंसते जा रहे हैं। सिगरेट पाउच गुटखा का सेवन बढ़ते जा रहा है इसके खिलाफ युवाओं को संकल्प दिलाया गया।

इस अवसर पर कई बड़े पुलिस अधिकारी, ट्रैफिक पुलिस अधिकारी , गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जिन्होंने पुलिस पेंशनर्स संघ के इस कार्यक्रम की सराहना की।

## शहर के अग्रवाल समाज के सेवाभावी बंधुओं की आवश्यक बैठक आज

इंदौर। इंदौर महानगर अग्रवाल समाज की मेजबानी में अगले माह आयोजित किए जाने वाले 22 युगलों के सामूहिक विवाह की तैयारी तथा अग्रवाल- वैश्य संगठनों के बीच सेवा प्रकल्पों की गतिविधियों पर विचार-मंथन के लिए वरिष्ठ समाजसेवी श्री गिरीश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में सोमवार, 17 फरवरी को दोपहर 3 बजे से आवश्यक बैठक भास्कर कार्यालय, प्रेस कांप्लेक्स में आयोजित की गई है, जिसमें गिरीशजी शहर के सेवाभावी एवं समर्पित अग्रवालबंधुओं का मार्गदर्शन करेंगे।

## कार्टून कोना..........




# संगीत सरगम में स्वरलताओं ने अमृत बरसा दिया

इंदौर। संगीत सरगम सीढ़ी दर सीढ़ी अपने कार्यक्रमो से शहर में साख कायम कर रहा हैं। लता मंगेशकर की 3री पुण्यतिथि पर मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति में सुरीले गीतों की गंगा बह निकली। कार्यक्रम खाँचा बनना किसी घड़े को आकार देने के बराबर है। जिस तरह एक कुम्हार घड़े को आकार देकर निर्माण करता हैं, उसी तरह गायिका गायक का चयन,म्यूजिशियन का चयन फिर गीतों का चयन और फिर किस गीत में कौन फिट बैठेगा ये भी सोचकर कार्यक्रम की रूपरेखा बनाना सचमुच टेढ़ी खीर है।



डॉ विवेक गावड़े ने बताया कि मुझे गर्व है कि कल के कार्यक्रम में सभी ने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया।

जब गीतों का चयन हुआ था तभी मुझे कह दिया गया था कि बहुत ही अच्छे गीत लिये है।

हर्षद जी ने एक एक गाने के इंस्ट्रूमेंट्स के एक एक पीस को हूबहू उतार दिया।

ये दिल और उनकी निगाहों के साये में पंडित शिवकुमार शर्मा जी के संतूर की सुगंध हमने कंल सिंथेसाइजर पर हर्षद जी के हाथों के कमाल से महसूस की।

मेरी आँखों से कोई नींद लिए जाता हैं में उस्ताद रईस खाँ के सितार के पीसेस को हर्षद जी ने हूबहू उतार दिया।

मेडली की थीम को हर्षद जी ने अन्तरे से जिस तरह उठाकर स्थायी पर लाकर छोड़ा शब्द नही हैं।

योगेश्वर जी ने भी क्या खूब बजाया क्या ये ही प्यार है के आर डी बर्मन के संगीत में गिटार के पीसेस क्या बजाए वाह वाह।

हेमेंद्र महावर और अमोल कारखानिस का तबले और ढोलक का कॉम्बिनेशन हर गीत में झूमने पर मजबूर कर रहा था। मेने कुछ गीत ढोलक द्वारा गीतों को कैसे खूबसूरती दी जैसे तुमको पिया दिल दिया,जे हम तुम चोरी से,दीवाने है दीवानों को न घर चाहिए,मै तेरे इश्क़ में मर न जाऊ कही सभी गीतों में रिथम का कमाल हमने हूबहू महसूस किया।

विमलेश ने भी सधा हुआ ऑक्टोपेड से गीतों में जान डाली।

अब बात करे हम कंल के सिंगर्स की। निहाली ने अपने हाई पिच गीतों को जिस तरह गाया वो वाकई अदभुत था।दिल का खिलोना और उनकी पहली नजर में लताजी जिस तरह हाई पिच पर कमाल करती हैं ये होनहार गायिका ने पूरी तन्मयता से उसे निभा कर वाहवाही लूटी।

नेहा ने भी रहते थे कभी और दिल मे तुझे बैठा के को जिस तरह निभाया वो झूमने पर मजबूर कर दिया।

अब आते हैं हमारे लीड सिंगर पुणे की नुपुर पंडित के लिये लिखने की। नुपुर की गायिकी का मैं जबरदस्त फेन हु। ये प्रोग्राम डिजाइन ही नुपुर की गायिकी को ध्यान में रखकर किया गया था।

नूपुर की सादगी और सरलता से समर्पण ही गीतों में आद्यात्म को रचते है।

ये दिल और उनकी निगाहों के साये,मेरी आँखों से कोई नींद,मैं तेरे इश्क़ में मर न जाऊ कही,अगर मुझसे मुहब्बत है गीतों में नुपुर ने अपने को जैसे झोंक दिया।

मेरे नैना सावन भादौ में लताजी की जो तान हैं वो उस गीत का गहना है नुपुर ने जिस तरह उस तान को उठाकर फिर नीचे लाकर छोड़ा हैं वो ऐसा था कि रोये रोये मेरे खड़े हो गए थे। मेरी आँखों मे जैसे अश्रु बहने को आतुर हो रहे थे। कार्यक्रम का थीम सांग हमारे बाद अब महफ़िल में अफसाने बया होंगे में नुपुर ने जैसे पूरा रस उड़ेल दिया मदनमोहन जी के संगीत में लताजी ने कुछ हटकर ही गायिकी की है वो ही बात को लाइव हम कंल नुपुर द्वारा महसूस कर रहे थे।

मेडली की चर्चा न हो तो बात अधूरी रह जायेगी ।

यमन राग में वैसे तो कई गीत बने हैं लेकिन जिस तरह नुपुर ने चंदन सा बदन के अंतरे को उठाया तभी लगा कि ये गजब ढायेगा और धीरे से स्थायी पर आकर छोड़कर एहसान तेरा होगा मुझपर के अन्तरे को पकड़ा तो चमत्कार जैसा महसूस हुआ बाद में जिस तरह हाये जिस रात मेरे दिल ने धड़कना सीखा अन्तरे को उठाकर जिंदगी भर नही भूलेगी को गाया वाह क्या बात है और फिर यमन के अंतिम गीत के अन्तरे को प नि नि रे ध प म स्वरों से खेलते हुए ओ पपीहे तूने पपीहे लेकर जिया ले गयो जी गाया उफ्फ शब्द कम पड़ रहे है ।वाह वाह। बहुत खूब नूपुर। मैने नूपुर की मम्मी को कहा कि नुपुर की घर जाकर नजर उतार लेना। पैर में फेक्कर होकर भी जिस तरह नुपुर ने अपनी तकलीफ को एक तरफ रखकर गायिकी की कुछ गीतों में फेक्कर में भी खड़े होकर भी गाया।

राजेंद्र गलगले जी मेरे अति प्रिय हैं उनकी गायिकी हमेशा ही कुछ अलग चमत्कार करती है तुम तो प्यार हो में रफी जी जिस तरह हाई पिच पर आलाप लेते हैं वो राजेंद्र जी ने लेकर मजा ला दिया। सभी गीतों में राजेन्द्र जी ने अपनी गजब की उपस्थिति दर्ज की।

रोहित, रमेश गुरु और आलोक जी ने भी सभी गीतों में क्या साथ निभाया। अभी तक सुरूर कायम है। सभी को बहुत बहुत बधाई सुरीले कार्यक्रम की।

डॉ विवेक गावड़े ने गीतों की बारीकी और गीतों के कई अनछुए पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन केंद्रीय जेल सुपरिटेंडेंट अलका सोनकर, जितेंद्र भंडिया, नरेन्द्र फणसे, पंडित सुनील मसूरकर, अनिल बारगल, विजय गावड़े और मोयरा सरिया के अंकित मित्तल असिस्टेंट जनरल मैनेजर ने किया। सूत्र संचालन डॉ विवेक गावड़े और जया शेट्टी ने किया। आभार अनिल बारगल ने माना।

# पिंक पैंथर ने प्लेयर डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया

इंदौर। इंदौर के प्रतिष्ठित मोयरा ग्रुप की फ्रेंचाइजी टीम इंदौर पिंक पैंथर, ने हाल ही में मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग काउंसिल के साथ मिलके एक प्लेयर डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य इंदौर वीजन से ऐसे दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन करना था जिन्हे इससे पहले किसी भी अन्य प्रतिष्ठित क्रिकेटिंग प्लेटफार्म पे अपना क्रिकेटिंग हुनर दिखने का मौका न मिला हो, जो एमपीएल के आगामी सीज़न में फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनेगे ।




इन दो खिलाड़ियों की तलाश में टीम इंदौर पिंक पैंथर ने जिमखाना क्रिकेट ग्राउंड में ट्रायल्स आयोजित किये, जिसमें 250 से अधिक प्रतिभावान क्रिकेटरों ने भाग लिया, इन खिलाड़ियों में से चयन समिति द्वारा 60 खिलाड़ियों को एक तीन दिवसीय टूर्नामेंट खेलने के लिए चयनित गया, जहां से टीम ने अपने दो प्रतिभाशाली खिलाड़ि जोकि ऑलराउंडर सिद्धांत अग्रवाल और विकेट कीपर बल्लेबाज महफूज पटेल का चयन किया है।

15 फरवरी को वाईसी क्रिकेट ग्राउंड पर मोयरा ग्रुप के चेयरमैन श्री विमल टोडी जी और मोयरा ग्रुप के निदेशक संदीप जैन द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव राव (सचिव एमपीसीए), वेंकटेश अय्यर (खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट टीम) और माधव तिवारी (खिलाड़ी आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स) की उपस्थिति में खिलाड़ियों को टीम की जर्सी भेट कर के उनका टीम में स्वागत किया गया।

टीम के डायरेक्टर ऑफ़ क्रिकेट संदीप जैन के साथ हमारी बातचीत में उन्होंने बताया कि यह पहल मोयरा ग्रुप द्वारा हमारे शहर के गैर-मान्यता प्राप्त प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एक मंच देने में मदद करेगी और इन दोनों खिलाड़ियों को आगामी खिलाड़ियों के ड्राफ्ट से पहले टीम में सीधे प्रवेश मिलेगा और उन्हें मोइरा ग्रुप से पूर्ण विकास सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने आगे उल्लेख किया कि मोयरा ग्रुप हमेशा से ही नाकि सिर्फ क्रिकेट बल्कि हर क्षेत्र में अपनी भागीदारिता देता आया है और खिलाड़ियों के विकास के लिए हमेशा अपना पूरा समर्थन आगे भी इसी तरह देता रहेगा ।

## आईआईएसटी इंदौर की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जीते 1 लाख 50 हज़ार के नकद पुरस्कार



इन्दौर। आई-हैक हैकथॉन और इनोवेट-एक्स 2025 में प्रथम स्थान प्राप्त कर आईआईएसटी इंदौर के छात्रों ने 1 लाख 50 हज़ार के नकद पुरस्कार जीते। संस्थान की छात्रा मनस्वी गंगराड़े और नवनीत कौर ने अपनी इनोवेटिव प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स का शानदार प्रदर्शन करते हुए आई-हैक हैकथॉन में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वही मनस्वी गंगराड़े ने राष्ट्रीय स्तर की केस प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता इनोवेट-एक्स 2025 में भी प्रथम स्थान हासिल करते हुए 50000 की राशि का नकद पुरस्कार जीता।

उनकी इस उपलब्धि पर ग्रुप एडवाइजर अरुण एस. भटनागर ने उनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## मुख्यमंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के निवेदन के साथ दिया आमंत्रण



इन्दौर। पुष्पगिरी तीर्थ पर आगामी 2 मार्च रविवार को आयोजित होने वाले दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के 29 वे राष्ट्रीय अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने मिलकर आमंत्रित करते निवेदन किया।

फेडरेशन के राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि मुख्यमंत्री को आमंत्रण हेतु उज्जैन विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा के साथ फेडरेशन के कार्य. अध्यक्ष एवं अधिवेशन प्रभारी देवेंद्र कांसल , अधिवेशन चेयरमैन अश्विन कासलीवाल, अधिवेशन सेक्रेटरी अभिषेक विनायका, अधिवेशन संयोजक हितेश जैन, सम्यक् एवं ग्रुप की अध्यक्षा श्रीमती मयूरी दिग्वेश पाटनी, सचिव प्रियंका प्रमित मोदी, कोषाध्यक्ष पलाश लुहाड़िया, रुचि कासलीवाल, प्रशांत चौधरी उपस्थित रहे।

# सिंधी मध्यस्थता केंद्र पर पारिवारिक विवादों के 400 दिन में प्राप्त हुए 275 आवेदन में से 232 का किया निराकरण किया

इन्दौर। हाई कोर्ट के निर्देश पर विगत 17 जुलाई 2023 से राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अधीन सिंधु मुहीजी जीजल द्वारा संचालित सिंधी पंच मध्यस्थता व विधिक परामर्श केंद्र ने अभी तक के 580 दिनों में 400 दिन मध्यस्थता की कार्रवाई की है। इन 400 दिन में प्राप्त हुए 275 आवेदन में से 232 आवेदन का निराकरण किया गया।



सोमवार से शुक्रवार शाम 5 बजे से 8 बजे तक सुनवाई करते मध्यस्थता केन्द्र में आए आवेदन 79 दिन में निराकृत किए जाते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता किशोर कोड़वानी के मुताबिक विदेश, देश व इन्दौर के निवासियों के दाम्पत्य से संबद्ध 125 आवेदन निराकृत किए गए। 11 आवेदन अंतरजातीय जोड़ों के प्राप्त हुए। इनमें चार जोड़ों ने समझौते में सम्मिलित होने से इंकार किया।

एक जोडे को समझौते में एकमत नहीं होने पर न्यायिक शरण में जाने की सलाह दी गई।

पांच जोड़ों ने पुनः दाम्पत्य जीवन निर्वहन का समझौता किया और एक जोड़ा तलाक के लिए सहमत हुआ।

बता दें कि मध्यस्थता अधिनियम 2023 लागू होने के पश्चात हाई कोर्ट इंदौर के अधीन राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्राधिकृत सामाजिक समझौता व्यवस्था के अंतर्गत सिन्धी पंच मध्यस्थता व विधिक परामर्श केंद्र को पारिवारिक विवाद के निपटारे हेतु स्थापित किया गया।

## मंत्री के निर्देश पर SDO को किया निलंबित

इंदौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी राम सिलावट के निर्देश पर सिवनी में किसान से अभद्रता करने वाले जल संसाधन विभाग के सह्ह को निलंबित कर दिया गया है। मुख्य अभियंता भोपाल द्वारा एस. डी. ओ. श्री राम बघेल को निलंबित करते हुए नर्मदापुरम में अटैच कर दिया गया है। शासन द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।

# राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 89 करोड़ का निर्माण घोटाला

## करोड़ों रुपए में होती हैं नियुक्तियां

इंदौर। मध्य प्रदेश का राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय आर्थिक गड़बड़ियों के मामले में सारे देश में झंडा गाड़ा है। 2008-09 से लेकर वर्ष 2023 24 तक 88.78 करोड रुपए का निर्माण कार्यों के लिए भुगतान का हिसाब नहीं मिल रहा है।

कुछ दिनो पहले ही 7 करोड रुपए की आर्थिक अनियमियता स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के निर्माण में सामने आई थी।

विश्वविद्यालय में निर्माण कार्य राजधानी परियोजना द्वारा कराए जाते हैं। 2008-09 से लेकर वर्ष 2023 24 तक 290.12 करोड रुपए का निर्माण कार्यों में भुगतान किया गया। विश्वविद्यालय में 201.33 करोड रुपए का हिसाब किताब मिला है। 88.78 करोड रुपए का हिसाब किताब जांच के बाद अभी भी नहीं मिल पा रहा है। कुलपति ने रजिस्ट्रार से सभी दस्तावेज तलब किए हैं।

### करोड़ों और लाखों रुपए में होती है नियुक्ति

विश्वविद्यालय में कुलपति और रजिस्टर के लिए करोड़ और लाखों रुपए की रिश्वत लिए जाने के बाद नियुक्ति की जाती है।

इस तरह के आरोप पिछले कई वर्षों से लगते रहे हैं। कुलपति और रजिस्टर मिलकर विश्वविद्यालय पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और घपले घोटाले कर रहे हैं। राजनीतिक संरक्षण में नियुक्तियां हो रही हैं। जिसके कारण गड़बड़ियां उजागर होने के बाद भी दोषी अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होती है।

जाँच के नाम पर मामले को दबा दिया जाता है। इसके पहले राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में करोड़ों रुपए का एफडी घोटाला सामने आ चुका है। किसी भी जिम्मेदार के ऊपर कार्रवाई नहीं होने के कारण बंदरबाँट अभी भी खुलेआम जारी है।

राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण होने के कारण दोषी अधिकारियों को दंडित नहीं किया जा सका है। जिसके कारण भ्रष्टाचार और आर्थिक गड़बड़ियों को रोक पाना किसी के बस की बात नहीं रह गई है।

## हरकियाखाल-मल्हाटरगढ़ खंड के दोहरीकृत नई लाइन पर गति परीक्षण

**रतलाम ।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के नीमच रतलाम दोहरीकरण कार्य के तहत हरकियाखाल से मल्हाशरगढ़ खंड में किमी 254.869 से 267.852 के मध्य लगभग 13 किलोमीटर खंड का भी दोहरीकरण कार्य को पूर्ण कर लिया गया है जिसका कुछ ही दिनों बाद सीआरएस निरीक्षण किया जाना प्रस्ताव्ति है। सीआरएस निरीक्षण से पूर्व रेलवे ट्रैक की क्षमता एवं कमियों की जांच हेतु 17 फरवरी, 2025 को सायं 17.00 बजे के बाद किसी भी समय रेलवे निर्माण विभाग द्वारा गति परीक्षण किया जाना प्रस्ताव्ति है। इस दौरान नयी रेलवे लाइन पर 100 किमीप्रघं से अधिक गति से निरीक्षण ट्रेन चलाकर गति परीक्षण किया जाना है। अत- 17 फरवरी, 2025 को सायं 17.00 बजे के उपरांत किसी भी प्रकार की संभावित दुर्घटना को देखते हुए नई रेलवे लाइन के आस-पास न खुद जाएं न पशुओं को जाने दें तथा इस दौरान आवागमन हेतु रेलवे समपार फाटको, अंडर/ओवर ब्रिजों का ही उपयोग करें। विदित हो कि नीमच रतलाम खंड के लगभ 133 किमी खंड में से धौसवास-नामली, नामली-बड़ायला चौरासी एवं नीमच-हरकियाखाल खंडों के मध्यर लगभग 34 किमी खंड का दोहरीकरण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर उस पर ट्रेन परिचालन आरंभ किया जा चुका है तथा शेष कार्य शीघ्रता से प्रगति पर है।

## पत्नी के वियोग में पति ने फांसी लगाई

**रतलाम।** पत्नी के वियोग एक 56 साल के व्यक्ति ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बेटा और बहू ससुराल गए थे। जब वे लौटे तो घटना की जानकारी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कांगसी निवासी डालूराम पिता कांजी खराड़ी ने शुक्रवार की रात फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह 10 बजे बेटा नाथु घर पहुंचा और पिता को आवाज लगाई। दरवाजा नहीं खोलने पर उसने छत से कवेलू हटाकर देखा तो पिता डालूराम धोती से फांसी का फंदा लगाकर झूलते दिखाई दिए। इस पर उसने पास में रहने वाले काका मांगीलाल और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर शिवगढ़ थाने से एएसआई लक्ष्मणसिंह दायमा मौके पर पहुंचे और डालूराम के शव को नीचे उतरवाया। प्रारंभिक जांच और पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया। पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। एएसआई दायमा ने बताया कि डालूराम की पत्नी का 2 साल पहले निधन हो गया था। तब से वह उदास होकर शराब पीने लगा था। शुक्रवार को डालूराम का बेटा नाथु पत्नी के साथ अपने ससुराल ग्राम कासाखारी गया था, शनिवार सुबह लौटा तो घटना का पता चला।

## 4 सेंटर पर एमपीपीएससी एग्जाम : दो शिफ्ट में हो रही परीक्षा, कड़ी चेकिंग; जूते, अंगूठी, बेल्ट उतरवाए



**रतलाम।** राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा (रूक्कक्कस्ष्ट) 2025 रविवार को दो शिफ्ट में हो रही है। परीक्षा को लेकर रतलाम में भी चार सेंटर बनाए गए है। कुल 1186 परीक्षार्थी है। चारों सेंटर पर पहली शिफ्ट की एग्जाम शुरू हो चुकी है। परीक्षार्थियों को कड़ी चेकिंग से गुजरना पड़ा। घड़ी, चेन, जूते, कलेवा (धागा), बेल्ट. अंगूठी उतरवाकर परीक्षार्थियों को एग्जाम हॉल में जाने दिया। रतलाम में आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज, गर्ल्स कॉलेज, कॉमर्स कॉलेज व सागोद रोड स्थित उत्कृष्ट स्कूल को परीक्षा सेंटर बनाया है। तीनों कॉलेज में 300-300 व उत्कृष्ट स्कूल में 286 परीक्षार्थी दर्ज है। पहली शिफ्ट की परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू हुई, जो दोपहर 12 बजे तक चलेगी। दूसरी शिफ्ट की एग्जाम दोपहर 2 बजे से शुरू होगी, जो दोपहर 4 बजे तक चलेगी। परीक्षा सेंटरों पर पुलिस को भी मुस्तैद किया है। यह परीक्षा कुल 158 पदों के लिए आयोजित की जा रही है। परीक्षार्थियों को अपने एडमिट कार्ड पर एग्जाम में क्या ले जाना है, क्या नहीं ले जाने के निर्देश भी लिखे है। इसके बावजूद भी कई परीक्षार्थी निर्देशों का पालन नहीं किया, लेकिन एग्जाम सेंटर पर कड़ी चेकिंग के दौरान जूते, बेल्ट, घड़ी, चाबी, चूडिय़ा, धूप के चश्मे बाहर ही रखवा लिए गए।

## रेलवे वित्त विभाग के निरीक्षण अनुभाग ने उत्कृष्ट कार्य पर प्रशस्ति प्राप्त की



**रतलाम।** रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक कार्यालय के निरीक्षण अनुभाग ने अपनी कार्य दक्षता के परिणाम स्वरूप अधीनस्थ कार्यालय के निरीक्षण के दौरान 30.84 करोड रुपए की राजस्व (व्यय) की बचत के साथ विभिन्न देय बकाया राशि की वसूली, विभिन्न सामग्री लेनदेन के समायोजन कर मुख्यालय एवं मंडल रेल प्रबंधक स्तर पर प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर लेखा विभाग को गौरवान्वित किया।उपरोक्त कार्य लेखा विभाग के वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी निरीक्षण जेठमल रेगर एवं उनके अधीनस्थ कर्मचारियों ने निरीक्षण के साथ-साथ एक निरीक्षण मार्गदर्शक पुस्तिका का भी प्रकाशन वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक अंकित सोमानी एवं मंडल रेल प्रबंधक अश्विनी कुमार के मार्गदर्शन में प्रकाशित किया जो अधीनस्थ कार्यालय के निरीक्षण के दौरान,कोड, मैन्युअल के अतिरिक्त निरीक्षण की जानकारी संबंधित दस्तावेज की जानकारी निरीक्षण रिपोर्टआदि का समावेश हिंदी में किया गया है, उपरोक्त कार्यो की प्रशंसा करते हुए प्रधान वित्त सलाहकार चर्चगेट मुंबई शालिनी दरबारी एवं मंडल रेल प्रबंधक रतलाम अश्विनी कुमार ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सराहना की तथा शुभकामना प्रेषित की। लेखा निरीक्षक अनुभाग की इस उपलब्धि पर ऑल इंडिया रेलवे अकाउंट स्टाफ एसोसिएशन के राष्ट्रीय कम्युनिकेशन सेक्रेटरी प्रकाश चंद्र व्यास एवं पदाधिकारी दिलीप कानूनगो, आफांक हुसैन ने वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक अंकित सोमानी मंडल वित्त प्रबंधक लक्ष्मीनारायण मेघवाल सहायक मंडल वित प्रबंधक कृष्ण कुमार एवं कर्मचारी अरविंद पांडे का पुष्पहार से स्वागत कर सम्मान किया एवं बधाई दी।

# जिले में अनोखा लड़का

## बालों से ढ़के चेहरे ने दुनियाभर में दिलाई पहचान



**रतलाम / (भेरूलाल टाक) ।**

जिले के छोटे से गांव का एक लड़का एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। देशभर की मीडिया में छाने के बाद अब इसने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड (Guinness World Record) में अपना नाम दर्ज करवा लिया है।



वर्ल्ड रिकॉर्ड मिलने का कारण इस लड़के के चेहरे और शरीर पर लंबे-लंबे बालों का होना है। कभी बालों से ढके चेहरे के कारण लोग डरते थे, चिढ़ाते थे। लेकिन आज पूरे गांव की पहचान बन गया है।

इस लड़के को ऐसी बीमारी है, जिसकी वजह से उसके चेहरे के बाल 5 सेंटीमीटर तक बढ़ जाते हैं। जिला मुख्यालय से 35 किमी दूर नंदलेटा गांव में रहने वाले 19 वर्षीय ललित पाटीदार वरवोल्फ सिंड्रोम (werewolf syndrome) नाम की बीमारी है। इस दुर्लभ बीमारी के कारण उसके चेहरे पर असामान्य बाल उग आए हैं। पूरा चेहरा सुनहरे बालों से ढ़का रहता है, मानों कोई फिल्मी किरदार हो। इस कारण ललित वोल्फ मेन (ड्ढश्यद्ध स्र्ठ्ठ) के नाम से प्रसिद्ध हो चुका है। अब इन बालों ने ललित को वर्ल्ड फेमस बना दिया और उसने वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम करवा लिया है।

लो शो देई रिकॉर्ड के सेट पर सत्यापित किया गया। जन्मजात बीमारी की वजह से ललित के पूरे शरीर पर भूरे बाल उग आए है। ललित के जन्म से ही ऐसे बाल है। बाकी बच्चों से बिलकुल अलग दिखते हैं। ललित की यह बीमारी दुनिया के सामने सबसे पहले 2019 में आई थी। आपको जानकर हैरानी होगी कि ललित पर अब कई ब्लॉग्स बन चुके हैं। भारत के कई राज्यों व शहरों के अलावा विदेशों से भी लोग ललित से मिलने उनके गांव नादलेटा पहुंच रहे हैं। ललित को शुरुआत में समस्या आई लेकिन अब वे सामान्य जीवन जीते है। ललित को कभी अपने इस रूप से चिढ़ आती थी और इसी इलाज के लिए प्रयास करते थे। लेकिन अब ललित का कहना है की वे इसी तरह रहना चाहते है।

### इटली में मिला सम्मान

जानकारी के अनुसार 2 वर्ष पूर्व गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम ने उनसे संपर्क किया था।8 फरवरी को ललित ने अपने परिचित जितेंद्र कुमार पाटीदार के साथ इटली के लिए उड़ान भरी।ललित इटली के मिलान शहर में 6 दिनों तक रहा।इसी दौरान वहां के विशेषज्ञों ने उसकी जांच की।जिसके बाद गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के एक खास कार्यक्रम में उसे सर्टिफिकेट और मेडल प्रदान किया गया।गिनीज की टीम के अनुसार किसी व्यक्ति (पुरुष) के चेहरे पर सबसे अधिक बाल 201.72/सेमीद्द हैं।और इसे भारत के ललित पाटीदार ने हासिल किया।13 फरवरी को मिलान, इटली में

### डर जाते थे लोग, लेकिन अब बना पहचान

ललित बताते हैं कि, मेरे मम्मी-पापा कहते हैं कि मेरा जब जन्म हुआ था तो डॉक्टर ने मेरी शेविंग की थी, क्योंकि मेरे पूरे शरीर पर लंबे-लंबे बाल थे, लेकिन जब तक मैं लगभग 6 या 7 साल का नहीं हुआ, तब तक मुझे कुछ भी अलग नहीं लगा. हालांकि जब मैं बड़ा होने लगा तो मैंने पहली बार नोटिस किया कि मेरे पूरे शरीर पर ऐसे बाल हैं, जैसे किसी को नहीं होते और वे लगातार बढ़ रहे थे. थोड़े समय बाद जब मैं घर से बाहर निकलता तो लोग मुझ पर पत्थर फेंकते, बच्चे डर जाते कि कहीं मैं उन्हें बंदर या भालू की तरह काटने के लिए ना चला आऊं. इसके बाद मम्मी-पापा मुझे डॉक्टर के पास ले कर गए, जहां डॉक्टरों ने देखा कि 6 साल की उम्र में मेरे शरीर के लगभग हर हिस्से पर असामान्य बाल बढ़ रहे हैं. डॉक्टरों ने इसे हाइपरट्रिचोसिस बताया, डॉक्टरों का कहना था कि दुनिया में केवल 50 लोग ही होते हैं, जो इस बीमारी से पीड़ित होते हैं, क्योंकि यह बहुत ही असामान्य बीमारी है.

### केन्द्रीय बजट देश, राज्य और जिला सबकों आत्मनिर्भर बनाने का कदम : कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप

## केंद्रीय बजट पर जिला भाजपा की परिचर्चा आयोजित

### 500 लोगों ने पोस्टकार्ड में दिया प्रधानमंत्री को धन्यवाद

**रतलाम।**

वित मंत्री निर्मला सीतारमणजी ने संसद में जो बजट पेश किया है, वह दूरगामी सोच वाला है। इसे केवल इनकम टेक्स की सीमा 12 लाख रूपए करने वाला बजट नही माने, इसका उददेश्य देश का विकास कर जीडीपी ग्रोथ बढ़ाना है।




देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने विकसित भारत का संकल्प लिया है और यह बजट देश, राज्य और जिला सबकों आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उठाया गया कदम है।

यह बात जिला भाजपा की केंद्रीय बजट परिचर्चा में मुख्य वक्ता सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने कही। परिचर्चा के बाद जिला भाजपा के आव्हान पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को जनहितकारी बजट देने के लिए शहरवासियों द्वारा धन्यवाद के 500 पोस्टकार्ड भेजे गए। बजट परिचर्चा में कैबिनेट मंत्री श्री काश्यप के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महापौर प्रहलाद पटेल, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, बजट कार्यक्रम प्रभारी जयवंत कोठारी, व्यापारिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक रजनीश गोयल, व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक रजनीश जैन, मनोहर पोरवाल, जिला मंत्री राकेश पाटीदार मंचासीन रहे।

परिचर्चा में मंत्री श्री काश्यप ने बजट को विकसित और आत्मनिर्भर भारत का बजट बताते हुए कहा कि इस बजट से आम जन को बहुत लाभ मिलेगा। मोदीजी ने अंग्रेजो के समय से बने कानूनों को हटाया है और पिछले सप्ताह संसद में नया आयकर अधिनियम भी पेश कर दिया गया हैं, जिससे कई धाराएं बदलकर सरलीकरण किया जा रहा है। केन्द्रीय बजट से सूक्ष्म और लघु उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। लघु उद्योग से नए उद्यमी और रोजगार बढ़ेंगे। बजट में उद्योगों का वर्गीकरण कर उनका दायरा बढ़ाया गया है।

मंत्री श्री काश्यप ने बताया कि बजट में सरकार ने देश के युवाओं के भविष्य के लिए मध्यम वर्ग को सर्वाधिक महत्व दिया है। आयकर स्लैब के अलावा कई अन्य बजट प्रावधान इस वर्ग के विकास को प्रशस्त करने वाले है। बजट में किसान, उद्यमी, युवा, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार सभी विषयों को समाहित किया गया है। बजट के माध्यम से मोदी सरकार ने गरीब, किसान, महिला और युवा चार वर्ग पर कार्य करने की शुरुआत की है। परिचर्चा में श्री काश्यप ने बजट के कई प्रावधानों पर प्रकाश डालकर उनकी महत्ता बताई।

आरंभ में जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने स्वागत उद्बोधन देते हुए पोस्टकार्ड से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी को धन्यवाद देने का अनुरोध किया। महापौर प्रहलाद पटेल ने कहा कि यह बजट मध्यम और गरीब वर्ग के लिए है, लेकिन इससे हर वर्ग के लोगों को सुविधा मिलेगी। परिचर्चा का संचालन कार्यक्रम प्रभारी जयवंत कोठारी ने किया। अंत में आभार व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रजनीश जैन ने माना।

## सनातन सोशल ग्रुप द्वारा कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप को आमंत्रण



**रतलाम।** महाशिवरात्रि पर्व पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सनातन सोशल ग्रुप द्वारा सत्यम-शिवम-सुंदरम महाअभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में ग्रुप द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप से मुलाकात कर उन्हें आमंत्रण दिया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, राजेश माहेश्वरी, कैलाश झालानी, संयोजक मुन्नालाल शर्मा, अध्यक्ष अनिल पुरोहित, नीलेश सोनी, विशाल जायसवाल, रवि पंवार, नरेंद्र बाहेती, पप्पू माहेश्वरी, गोपाल शर्मा, रमेश पांचाल, पंकज गगरानी, योगेश सोनी, चेतन सोनी, भरत जैन आदि उपस्थित रहे। सनातन सोशल ग्रुप के संयोजक मुन्नालाल शर्मा एवं अध्यक्ष अनिल पुरोहित ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 26 फरवरी को प्रात- 10.30 बजे से श्री कालिका माता मंदिर परिसर के मेला प्रांगण में महाकाल का महाअभिषेक होगा। संत महात्माओं के सानिध्य में विद्वान आचार्य की उपस्थिति में 301 सपत्नीक जोड़ो द्वारा भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया जाएगा। मुख्य यजमान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय एवं नीतू उपाध्याय रहेंगे। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण 12 ज्योतिर्लिंग एवं एक दिव्य शिवलिंग के दर्शन का रहेगा। कार्यक्रम में आने वाले प्रत्येक धर्म अनुरागी को दिव्य शिवलिंग पर जिलाभिषेक का अवसर प्राप्त होगा। इसके पश्चात फ़रियाली पर प्रसादी वितरित होगी। सनातन सोशल ग्रुप ने आह्वान किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर सभी लोग धर्म लाभ लेवे।

# संपत्ति कर के नए निर्धारण का विरोध

## श्रमजीवी पत्रकार संघ ने निंदा प्रस्ताव पारित किया

**रतलाम ।**

मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की जिला बैठक में नगर निगम द्वारा सर्वे के आधार पर पिछले पाँच साल का संपत्ति कर वसूल करने का विरोध करते हुए निगम के इस फैसले के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया है और निर्णय लिया है कि इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इसे वापस लेने की माँग की जाएगी ।





स्थानीय महू रोड स्थित होटल गोल्डन टावर के सभागृह में संघ के पूर्व प्रदेश मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष शरद जोशी की विशेष उपस्थिति में आयोजित बैठक की अध्यक्षता नव नियुक्त अध्यक्ष राजेश जैन द्वारा की गई । बैठक को संबोधित करते हुए शरद जोशी ने कहा कि अब समय आ गया है कि जन हितैषी मुद्दों को लेकर पत्रकारों एवं पत्रकार संगठनों को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी । रतलाम नगर निगम द्वारा हाल ही में सर्वे के आधार पर पिछले पाँच वर्ष का सम्पत्ति कर वसूलने के निर्णय को जन विरोधी निर्णय बताते हुए इसे वापस लेने की माँग की है और कहा है कि इस प्रकार की जन समस्याओं को लेकर जन जागृति अभियान चलाया जाकर उसे जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि जिस परिषद का कार्यकाल एक वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ है वह पिछले पाँच वर्ष का सम्पत्ति कर वसूलने का निर्णय कैसे ले सकती है जबकि आम जनता पूर्व परिषदों द्वारा निर्धारित टैक्स जमा करती आ रही है । श्री जोशी ने अपने संबोधन में फर्जी पत्रकारों के खिलाफ़ अभियान चलाने तथा पत्रकारिता की आड़ में ब्लैक मेलिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया ।

श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष राजेश जैन ने नगर निगम के संपत्ति निर्धारण के निर्णय पर निंदा प्रस्ताव रखा जिसे सर्वानुमति एवं ध्वनि मत से पारित किया गया । श्री जैन ने संघ की भावी गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रमजीवी पत्रकार संघ पत्रकारों की समस्याओं के साथ साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों की वर्षो से लंबित जन समस्याओं पर भी फोकस करते हुए शासन और प्रशासन का ध्यान लगातार आकर्षित करता रहेगा । इस अवसर पर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने भी पत्रकारों को मार्गदर्शन दिया । बैठक में जिले भर से आए संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे ।

### सदस्यों को कार्ड वितरित किए गए

श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला कार्यसमिति की प्रथम बैठक के पश्चात जिले भर से आए पदाधिकारियों एवं सदस्यों को श्रमजीवी पत्रकार संघ के मुख्यालय से आए कार्ड सदस्यों में वितरित किए गए । पूर्व मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष शरद जोशी ने समारोह में उपस्थित 70 से अधिक सदस्यों को संघ के पहचान पत्र पहनाकर स्वागत किया । इस अवसर पर संघ के सदस्यों ने पूर्व मुख्य प्रदेश मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष शरद जोशी एवं नव नियुक्त जिलाध्यक्ष राजेश जैन, जिला उपाध्यक्ष आरिफ कुरैशी, विजय मीणा, मनोज भंडारी सैलाना , पारस छाजेड जावरा, मनोज भंडारी सैलाना, महासचिव दिनेश दवे ,कोषाध्यक्ष किशोर जोशी, सचिव संजय शर्मा, निलेश बाफना,सह सचिव प्रियेश कोठारी, श्रीनाथ योगी एवं मुबारिक शेरानी का पुष्प मालाओं से स्वागत किया गया । पूर्व अध्यक्ष भेरूलाल टाक, विमल मांडोत, जावरा ब्लॉक अध्यक्ष अशोक चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में पत्रकारगण उपस्थित थे । अंत में आभार महा सचिव दिनेश दवे ने व्यक्त किया ।





# लायंस क्लब नागदा गोल्ड द्वारा स्थाई स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ

## प्रति रविवार को नि :शुल्क की जाऐगी शुगर, बीपी की जांच

**नागदा जं. निप्र।** लायंस क्लब नागदा गोल्ड ने नगरवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण और स्थायी सेवा गतिविधि की शुरुआत की। रविवार, 16 फरवरी से प्रत्येक रविवार सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें डायबिटीज, ब्लड प्रेशर सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांच की जाएगी। यह शिविर सभी नागरिकों के लिए पूर्णतः निःशुल्क रहेगा और इसका मुख्य उद्देश्य शहरवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

### शिविर की हुई शुरुआत, थाना प्रभारी व पुलिस टीम का किया स्वास्थ्य परीक्षण

पहले दिन, नगर की सुरक्षा में तैनात पुलिस विभाग के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए, थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी और उनकी पूरी टीम का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस पहल के माध्यम से लायंस क्लब ने पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य पर ध्यान देने और उनकी देखभाल की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया।

### विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

शिविर के शुभारंभ अवसर पर समाज के कई गणमान्य नागरिक एवं लायंस क्लब के पदाधिकारी उपस्थित रहे। लायंस क्लब नागदा गोल्ड के अध्यक्ष पीडी शुक्ला, लायंस क्लब नागदा ग्रेटर के अध्यक्ष अशोक बिसानी, झोन चेयरपर्सन लता अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन ला. राजेश इंद्र तथा एमपी हॉस्पिटल के डॉ. आरसी शर्मा, डॉ. प्रमोद बाथम और अनिल शर्मा की इस कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति रही। एमपी हॉस्पिटल का संपूर्ण स्टाफ भी इस अवसर पर सक्रिय रूप से उपस्थित रहा और उन्होंने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। सभी डॉक्टरों और विशेषज्ञों ने मरीजों की विस्तृत जांच की और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

### सप्ताहिक स्वास्थ्य शिविर की होगी नियमितता

लायंस क्लब नागदा गोल्ड ने यह घोषणा की कि यह स्वास्थ्य शिविर प्रत्येक रविवार सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिससे नगरवासियों को निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

# शिवपुरा कॉलेनी में गायत्री शक्तिपीठ द्वारा पंचकुंडीय यज्ञ के साथ विभिन्न संस्कार सम्पन्न किये गये

**नागदा जं. निप्र।** ग्रामे-ग्रामे यज्ञ और गृहे-गृहे गायत्री उपासना के आलोक से जन-जन को आलोकित कर रहा है नागदा गायत्री शक्तिपीठ। अहरनिस-देव संस्कृति के निमित्त-पूज्य गुरुदेव-युग ऋषि,वेद मूर्ति तपो निष्ठ परम पूज्य श्रीराम शर्मा के विचार क्रांति अभियान को कॉलोनी-कॉलोनी, मोहल्ले-मोहल्ले यज्ञ आंदोलन एवं संस्कार परंपरा से जन-जन को जोड़ रहा है।



अखण्ड ज्योति एवं मातृ शताब्दी संकल्प समारोह के अंतर्गत शिवपुरा कॉलोनी में रविवार को गायत्री परिवार एवं सहयोगी व कार्यकर्ता समयदानी भाई-बहनों के अथक प्रयासो से पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन एवं विभिन्न संस्कार जैसे गर्भवती बहनों के श्रेष्ठ संतान कामना हेतू गर्भपूजन व विद्यारंभ संस्कार संपन्न किए गए। आयोजन में शिवपुरा कॉलोनी के समस्त श्रद्धालु परिजनों की उपस्थिति में सफल आयोजन का सम्पन्न हुआ। पंचकुंडीय यज्ञ में परिजनो ने बैठकर आहुतियां प्रदान की। इस अवसर पर विभिन्न संस्कार सम्पन्न हुए जिसमें 15-20 विद्यार्थियों के विद्या आरम्भ संस्कार हुए।

पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के संचालन के समय भगवान दास वैरागी ने संकल्प का गुरुजी द्वारा लिखित सूत्र का उच्चारण किया। इस मौके पर श्री सालासर बालाजी धाम खाचरोद नाका श्रीश्री 1008 श्री महंत केशवानंद ब्रह्मचारीजी, महाराज, डॉ. अंजनी सिंह चौहान इंदौर, रामयादि चौरसिया, रामवीर सिंह तोमर, हेमलता तोमर, मोहनलाल सिंगोटिया, छोटेलाल मीणा, संजय मीणा, सुनील कुमार भावे, दीपक जैन, विक्रम मरमट, भूपेंद्र कुमार, हरलाल मीणा, मनोज चित्र, विनोद मीणा, मोहनलाल गोयल, गणेश चौहान, विकास भैया, योगेश फाटक, नीलम परासर, कविता कुंवर, वीरेंद्र सिंह, मदनलाल, राजवीर, प्रहलाद सिंह सिकरवार, राजेश चौहान, चंचल रेडा, मायपाल भीरवा, जसवंत सुशीला अरुण मीणा कैलाश सोनी किशनलाल चौहान, सीमा शर्मा, प्रेमलता सूरज प्रकाश राव उपस्थित रहे।



# सांसद श्री पटेल को दी जन्मदिन की बधाई

**बड़वानी।** भारतीय जनता पार्टी अजजा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद गजेंद्र सिंह पटेल के जन्मदिन पर रिटायर्ड चीफमेडिकल ऑफिसर एवं मुस्लिम समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ अब्दुल रशीद पटेल, जिला पेंशनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष विजय जैन, समाजसेवी सादिक चंदेरी, रजाक तिगाले एवं तिरंगा सोशल ग्रुप के सदस्यों ने पुष्पमाला पहनाकर सांसद का स्वागत किया। साथ ही जन्मदिन की बधाई दी। अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन और खंडवा रेल लाईन सांसद श्री पटेल के भागीरथी प्रयासों से स्वीकृति होने पर तिरंगा सोशल ग्रुप के सदस्यों द्वारा धन्यवाद दिया गया। साथ ही सदस्यों ने जनता की ओर से मांग रखी कि जल्द से जल्द बड़वानी में आदिवासी मेडिकल कॉलेज खोला जाए।

# शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'प्रसन्नता का दर्शन' विषय पर एक व्याख्यान आयोजित

**मंदसौर (इन्दौर समाचार ) ।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 15 फरवरी 2025 को ÷प्रसन्नता का दर्शन÷ विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। इस व्याख्यान में नवागत प्राचार्य डॉ जे एस दुबे सर ने मुख्य अतिथि के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया । इस आयोजन का संयोजन अंग्रेजी विभाग और व्यक्तित्व विकास विभाग ने किया था, जिसकी विभागाध्यक्ष एवं संयोजक डॉ वीणा सिंह हैं। इस आयोजन में प्रो सचिन शर्मा और प्रो दीप्ति शक्तावत सहयोगी साथी के रूप में शामिल हुए। संचालन दायित्व डॉ मिश्रा ने निभाया। इस व्याख्यान में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिन्होंने आंतरिक और बाह्य व्यक्तित्व पर चर्चा की और



आंतरिक प्रसन्नता के महत्व पर बल दिया। डॉ दुबे ने अपने व्याख्यान में कहा कि प्रसन्नता का दर्शन हमारे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद कर सकता है। डॉ. दुबे ने विद्यार्थियों से बात करते हुए उन्हें बताया कि यदि विद्यार्थी कक्षा में उपस्थित नहीं होंगे तो वह बहुत सी चुनौतियों से लड़ने में सक्षम नहीं हो पाएंगे7 सर दर्शनशास्त्र के प्राध्यापक भी हैं ,अतः उन्होंने दर्शनशास्त्र का मतलब भी विद्यार्थियों को बताया 7दर्शनशास्त्र का मतलब ÷ज्ञान के प्रति प्रेम÷ ,अर्थात शास्त्रों एवं ज्ञान से प्रेम। जितना विद्यार्थी ज्ञान एवं शास्त्र से प्रेम करेंगे उतना ही उन्नति की और अग्रसर होंगे। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रसन्नता के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करना था।

### प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के

# दूसरे चरण का सर्वे, पात्र परिवार 31 मार्च तक जुड़वा सकते हैं नाम

**मंदसौर( इन्दौर समाचार)** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के लिए सर्वे प्रारंभ हो गया है। इसमें पात्र परिवारों के नाम 31 मार्च तक स्थाई प्रतीक्षा सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। योजना अंतर्गत केन्द्रीय मंत्री-मण्डल ने योजना को आगामी पांच वर्ष के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक की मंजूरी दी है। इस संबंध ने ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने आवास प्लचस की सूची को अद्यतन करने के लिए आवास प्ल्स सर्वे 2024 प्रारंभ किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे जिले में ग्राम पंचायत में नियुक्तन किये गये सर्वेयर सचिव/रोजगार सहायक द्वारा किया जायेगा। सर्वे कार्य आवास प्लेस एप-2024 से किया जाएगा। इसमें हितग्राही स्वयं के मोबाईल से भी आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए मोबाइल एप्लीकेशन आवास प्लस 2.0 ग्रामीण विकास मंत्रालय एन.आई.सी द्वारा निर्मित किया गया है। इस ऐप की लिंक आवास सॉफ्ट पोर्टल पर भी उपलब्धर है। सर्वे के लिए समस्ती जिले/जनपद एवं ग्राम पंचायत स्त्र के अधिकारियों एवं नामांकित सर्वेयर को प्रशिक्षण गया है। सर्वे 31 मार्च 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा एक अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रारंभ की गई। जिसके अंतर्गत सभी पात्र बेघर परिवारों और कच्चे. तथा जीर्ण-शीर्ण मकानों में रह रहे परिवारों को बुनियादी सुविधा युक्त पक्का आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

### किसानों को समर्थन मूल्य पर खरीदे गये गेहूँ पर मिलेगा 125 रूपये प्रति क्विंटल का बोनस

**मंदसौर( इन्दौर समाचार )।**राज्य सरकार किसानों की खुशहाली और समृद्धि के लिये निरंतर कार्य कर रही है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये प्रदेश के पंजीयन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

# थारो म्हारो प्रेम का मुहूर्त शॉट देव डूंगरी माताजी प्रांगण पर सम्पन्न

**मन्दसौर( इन्दौर समाचार )।** थारो म्हारो प्रेम का मुहूर्त शॉट देव डूंगरी माताजी प्रांगण पर सम्पन्न हुआ। मालवी के लिए समर्पित और निष्ठा से समर्पण से कार्य करने वालों का सम्मान भी किया गया। आरम्भ ने अतिथियों ने माता देव डूंगरी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। मुहूर्त शॉट पर सांसद सुधीर गुप्ता और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया तथा मंचासीन अतिथियों ने क्लेप करके जैसे ही लाइट कैमरा एक्शन कहा सदन ने तालियों के शोर से उत्साह से पूर्ण समर्थन और विश्वास से फिल्म निर्माण के लिए शुभकामनाएं प्रदान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा मालवी से मेरा नाता बहुत पुराना है ।इस क्षेत्र में यह प्रयास निश्चित रूप से नींव का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि राजेंद्र राठौर की यह सबसे महत्वपूर्ण बात है जो मुझे बहुत पसंद आई की इसमें 50 प्रतिशत स्थानीय कलाकारों को कार्य करने का मौका भी मिलेगा और उन्हें बॉलीवुड में स्थापित कलाकारों के साथ काम करके अनुभव भी प्राप्त होगा और सुनहरा अवसर इन्हें अब मंदसौर में ही मिलने जा रहा है। मंचासीन अतिथियों में नगरपालिका परिषद अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, पूर्व जिला अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता मदनलाल राठौर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह राणा, धर्म राजेश्वर के पंडित जगदीश व्यास, डीएफओ संजय सर, भाजपा युवा मोर्चा महा मंत्री बंटी चौहान, सांसद प्रतिनिधि बंशी राठौर, देव डूंगरी माताजी मंदिर समिति कोषाध्यक्ष, जगदीश बैरागी ,गौरव अग्रवाल,विजय सुराणा, दिनेश जाट सरपंच विनोद धनगर मुकेश धनगर शंकर इंदौरा रामेश्वर सोलंकी बसंती संजय राठौर कान्हा बैरागी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राठौर फिल्म एंड एंटरटेनमेंट और थारो म्हारो प्रेम की प्रोडक्शन टीम ने फिल्म में जिनका गीत टाइटल सॉन्ग के रूप में लिया गया हैवरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी का बहुमान शॉल और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया ।

# भवन का 2023 में हो चुका हैं शुभारंभ, अक्रिमण के चलते शुरू नहीं हो पाया संचालन

## करोड़ों की लागत से बने छात्रावास परिसर से नहीं हट रहे पक्के निर्माण, अब शुरू करने की हो रही तैयारी

**बड़वानी।** शहर के धोबड़िया तालाब के पास कैलाश नगर से सटकर करोड़ों रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ चार मंजिला भव्य कन्या छात्रावास भवन का शुभारंभ वर्ष 2023 में हो चुका हैं, लेकिन परिसर में बने पक्के निर्माण इसके संचालन में रोड़ा बने हुए है। ऐसे में डेढ़-पौने दो वर्ष की अवधि में असामाजिक तत्वों ने छात्रावास की खिड़कियों के कांच फोड़ डाले और विद्युत कटआउट सहित अन्य सामग्री को जमकर नुकसान पहुंचाया। करोड़ों रुपए की लागत से बने भवन को दुर्दशा से बचाने के लिए अब संचालन शुरू करने की तैयारी हो रही है। बता दें कि कैलाश नगर से सटे 150 सीटर बालिका छात्रावास का निर्माण वर्ष 2018-19 में शुरू हुआ था। निर्माण के पूर्व उक्त स्थान पर प्रशासन और पुलिस ने दल-बल सख्ती से कच्चे पक्के अतिक्रमण हटाकर जमीन मुक्त कराई थी। वहीं कोविड-19 के दौरान निर्माण की गति में कमी आई। 150 सीटर बालिका कन्या छात्रावास दो वर्ष पूर्व ही बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन उसके परिसर में कई फीट तक एक व दो मंजिला अतिक्रमण छात्राओं की सुरक्षा पर है। प्रश्न चिह्न बने हुए है। वहीं इसे लेकर जिम्मेदार एक-दूसरे को पत्राचार कर औपचारिकता निभाते नजर आ रहे हैं। वर्तमान में भवन की देखरेख व दुर्दशा से बचाने के लिए अतिक्रमण हटाने बिना ही नए सत्र से संचालन की तैयारियां होने लगी है। वर्तमान के इसके आसपास कचरा व गंदगी फैली है तो परिसर के बाहर लगाए पौधे भी वर्तमान में नष्ट हो चुके हैं।



### प्रशासन गंभीरता से

### अतिक्रमण हटाए

एनएसयूआई के अध्यक्ष बादल गिरासे ने बताया कि जिला मुख्यालय पर छात्राओं के लिए बने छात्रावासों के हाल बेहाल है। एक छात्रावास ट्रेंचिंग ग्राउंड परिसर में हैं, जिसे शुरू करने में कई अड़चने व असुविधाएं आ रही हैं, लेकिन कैलाश नगर के पास बना भवन उपयुक्त हैं। हाल ही में इसका संचालन शुरू करने के लिए रंगाई-पुताई, नेम प्लेट सहित अन्य संसाधन जुटाए जाने लगे हैं, लेकिन यहां परिसर में समीप कॉलोनी के कुछ मकान परिसर सीमा के अंदर तक प्रथम व द्वितीय मंजिल तक बने हुए हैं। छात्राओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने परिसर के अतिक्रमण को हटवाकर बाउंड्रीवाल की ऊंचाई और बढ़ाना चाहिए। इसे लेकर जल्द ही कलेक्टर और संबंधित विभाग को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### नए सत्र में संचालन की तैयारी कर रहे हैं

छात्रावास की अधीक्षिका नीता यादव ने बताया कि उक्त भवन का शुभारंभ 2023 में हो चुका है, लेकिन संसाधनों के अभाव व परिसर में अतिक्रमण के चलते शुरूआत नहीं हो सकी। इसके लिए सहायक आयुक्त कार्यालय व एसडीएम कार्यालय में आवेदन सौंप चुके हैं।

बीते एक-डेढ़ वर्ष में असामाजिक तत्वों ने खिड़कियों के कांच फोड़ डाले और विद्युत कटआउट गायब किए। सरकारी संपत्ति की हो रही नुकसानी के मद्देनजर अब रंगाई-पुताई कर नए सत्र से शुरूआत की तैयारी कर रहे हैं। 150 सीटर छात्रावास में पलंग आ चुके हैं। शेष संसाधन के लिए मांग पत्र भेजा है। छात्राओं की सुरक्षा की दृष्टि से परिसर का अतिक्रमण हटाया जाना जरूरी है।

### एसडीएम को पत्र लिखा है

सहायक आयुक्त जनजातिय कार्यविभाग आसाराम मुझाल्दे ने बताया कि उक्त कन्या छात्रावास परिसर में अतिक्रमण हटाने के लिए एसडीएम कार्यालय को पत्र लिख चुके हैं।

# ग्रीष्म ऋतु के आगमन की सुगबुगाहट पर सक्रिय हुई टीम शिवकुंज

**बड़वानी।** ऋतु परिवर्तन के साथ ही मौसम की अनुकूलता के अनुसार हमें जिस तरह से खुदको ढालना पड़ता है। वैसे ही हमें हमारे द्वारा रोपे गए पौधों की भी उचित देखभाल करना और ग्रीष्म ऋतु में जल की निरंतरता बनाए रखना भी जरूरी होता है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए शिवकुंज पर लगाई गई पौधों की विशाल श्रृंखला को भी सुरक्षित रखने के लिए टीम शिवकुंज द्वारा कलेक्टर एवं ट्रस्ट की अध्यक्ष गुंचा सनोबर के मार्गदर्शन में पौधों तक जल पहुंचाने के लिए अभियान की शुरुआत की गई है। इसी क्रम में रविवार को जहां पाईप लाईन को दुरुस्त कर ड्रिप को ठीक करने का कार्य किया गया, वहीं ड्रिपर की सफाई कर हर पौधे तक पानी की पहुंच को सुनिश्चित किया जा रहा है।



शिवकुंज योगा ग्रुप फ्लावर वैली, सेव द अर्थ, गोवर्धन गुफा के समक्ष आदि स्थानों पर साफ-सफाई कर कचरे का निष्पादन किया गया। शिवकुंज पर्यटन स्थल पर सभी के सहयोग से प्रतिमाओं के रंग-रोगन का कार्य भी किया जा रहा है। जिसमें अभी वन देवी एवं श्रीराम प्रतिमा के साथ-साथ सेव द अर्थ पर रंगाई का कार्य किया जा चुका है। प्रारंभ हुआ जल पहुंच अभियान निरंतर जारी रहकर पौधों की देखभाल सुनिश्चित करेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में शिवकुंज के स्वयंसेवक एवं शिवकुंज योगा ग्रुप के सदस्य उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनी संत सेवालाल महाराज की जयंती

**बड़वानी।** शनिवार को शहर में बंजारा समाज द्वारा संत सेवालाल महाराज की 286वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती के अवसर पर शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। बंजारा समाज ने बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली।

इससे पहले शहर की कृषि उपज मंडी में समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों की तादाद में समाज के महिला-पुरुष और बच्चे शामिल हुए।

संत सेवालाल महाराज के जन्मोत्सव समारोह में बंजारा समाज के धर्मगुरु संत शिरोमणी सेवालाल महाराज की 286वीं जयंती के अवसर पर मंडी प्रांगण में भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। समारोह के बाद समाजजनों ने बैंड-बाजों के साथ संगीतमय माहौल में शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस इस अवसर पर बड़वानी विधायक राजन मंडलोई टीम द्वारा स्वागत किया गया।

# ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत अंजड़ पुलिस की कार्रवाई

**बड़वानी।** जिले के थाना अंजड़ पुलिस टीम द्वारा गुम अपहृत नाबालिक बालिका को खंडवा के रामनगर से ढूंढ कर दस्तयाब कर परिजनों के सुपूर्द किया गया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल पाटीदार व एसडीओपी बड़वानी दिनेशसिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक गिरवरसिंह जलोदिया के नेतृत्व मे टीम द्वारा नाबालिग बालिका को खंडवा के रामनगर से ढूंढ कर दस्तयाब कर परिजनों को सुर्पूद किया गया। 13 जनवरी 2025 को फरियादी की नाबालिग लड़की उम्र 16 साल को कोई अज्ञात बदमाश अपहण कर भगा कर ले गया। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अनुसंधान के दौरान तकनीकी माध्यम एवं सायबर सेल की मदद से मुखबिर सूचना पर टीम रवाना कर नाबालिग अपर्हता को रामनगर जिला खण्डवा से आरोपी बबलु पिता शांतिलाल सांवले निवासी सुंदरनगर खण्डवा से बरामद कर थाने लाकर अपहर्ता को 15 फरवरी 2025 को दस्तयाब किया गया। उक्त बालिका को उनके माता-पिता के सुपुर्द किया गया। प्रकरण में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### विशेष भूमिका

कार्रवाई निरीक्षक गिरवरसिंह जलोदिया, सउनि दिलीप मुवेल, प्रआर गणेश डावर, आर राहुल पाटीदार, मआर मनीषा चौहान, उनि रितेश खत्री सायबर प्रभारी, प्रआर योगेश पाटील सायबर, आर अरूण मुजाल्दे सायबर, आर मडिया डावर सायबर, की सराहनीय भूमिका रही।

# सम्मान समारोह एवं अनुभव साझाकरण कार्यशाला संपन्न




**बड़वानी।** जिले के अंतर्गत सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम द्वारा जिले स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले, अधिकारी, बीईओ, बीआरसी एमटी एवं शिक्षकों का सम्मान एवं अनुभव साझाकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें जिले की 7 विकासखण्ड से उत्कृष्ट कार्य करने वाले, अधिकारी, बीआरसी, एमटी एवं शिक्षक उपस्थित थे। जिले के सक्षम टीम कार्यक्रम की जिला प्रबंधक लीना घोषी ने सक्षम जीवन कौशल विकास कार्यक्रम की रुपरेखा एवं कार्यक्रम प्रगति की प्रस्तुति देते हुए बताया कि किस तरह बड़वानी जिले की सक्षम कार्यक्रम में प्रोग्रेस हुई अपने अनुभव साझाकरण किया गया। इस अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग सहायक आयुक्त एसआर मुजाल्दे एवं जिला समन्वयक ने भी मार्गदर्शन दिया। एपीसी अकादमिक, बीईओ, राजपुर, बीआरसी, ठीकरी एवं जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले, मास्टर ट्रेनर एवं शिक्षक उपस्थिति थे। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र गोयल एवं सुरेन्द्र पाटीदार ने किया एवं आभार लीना घोषी ने माना।

# सांसद गजेंद्र सिंह पटेल के जन्मदिवस पर विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

## सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन एवं टीबी मुक्त भारत अभियान और

**बड़वानी।** लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल के जन्म दिवस को प्रतिवर्ष सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए सुशीलादेवी उमरावसिंह पटेल सेवा संस्थान के तत्वावधान में एक विशाल निरूशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सिकल सेल एनीमिया, टीबी मुक्त भारत अभियान तथा अन्य गंभीर बीमारियों को लेकर जागरूकता, रक्तदान, स्वास्थ्य परीक्षण, एवं पोषण आहार वितरण जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान की गई। सैकड़ों लोगों ने लिया लाभ, 100 मरीजों को भेजा इंदौर कार्यक्रम के तहत अरबिंदो हॉस्पिटल इंदौर की विशेषज्ञ टीम द्वारा बाल हृदय रोग, बच्चादानी कैंसर, स्तन कैंसर, हड्डी रोग, मधुमेह, दंत रोग, नाक-कान-गला रोग एवं कैंसर रेडिएशन थेरेपी सहित अन्य बीमारियों की निरूशुल्क जांच एवं परामर्श दिया गया। वहीं 100 मरीजों को निरूशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए शिविर स्थल से इंदौर भेजा गया। इस सेवा कार्यक्रम में श्रीमती सावित्री ठाकुर केन्द्रीय राज्य मंत्री, भारत सरकार, इंदरसिंह परमार मंत्री मप्र शासन, नागरसिंह चौहान मंत्री मप्र शासन, डॉ सुमेरसिंह सोलंकी सांसद राज्यसभा, प्रवीण डोलके क्षेत्र संगठन मंत्री वनवासी कल्याण आश्रम मध्यप्रदेश, श्रीमती अनुबाई तंवर अध्यक्ष जिला पंचायत खरगोन, श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहान सांसद रतलाम-झाबुआ, श्याम बर्डे विधायक पानसेमल, नंदा ब्राहम्णे जिला अध्यक्ष भाजपा खरगोन, अजय यादव जिला अध्यक्ष भाजपा बड़वानी, जयदीप पटेल भाजपा प्रदेश मंत्री सहित कई वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के प्रमुख, नगर पालिका एवं पंचायत प्रतिनिधि, डॉक्टर, समाजसेवी एवं कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे। क्षेत्र संगठन मंत्री प्रवीण ढोलके ने की सराहना कार्यक्रम में वनवासी कल्याण आश्रम मध्यप्रदेश के क्षेत्र संगठन मंत्री प्रवीण ढोलके ने कहा कि सिकल सेल जैसी घातक बीमारी से सबसे अधिक प्रभावित हमारे जनजातीय क्षेत्र के लिए यह सेवा कार्य अत्यंत सराहनीय है। सांसद गजेंद्र सिंह पटेल जी ने अपने जन्मदिन को जनसेवा से जोड़कर एक प्रेरणादायक पहल की है। कैबिनेट मंत्री इंदरसिंह परमार ने दी शुभकामनाए जिले के प्रभारी एवं केबिनेट मंत्री इंदरसिंह परमार ने सांसद गजेंद्र सिंह पटेल की जनसेवा की सराहना करते हुए कहा कि अपने जीवन को जनता की सेवा में समर्पित करना आसान नहीं होता, लेकिन गजेंद्र सिंह पटेल ने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देकर एक बड़ा संकल्प लिया है। यह कार्य चुनौतीपूर्ण होते हुए भी अत्यंत आवश्यक और प्रेरणादायक है। मैं उन्हें इस पुनीत कार्य के लिए साधुवाद देता हूं। जनता के लिए समर्पित सेवा कार्य इस आयोजन के माध्यम से सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने अपनी सेवा ही संकल्प की विचारधारा को और मजबूत किया है। स्वास्थ्य एवं जनकल्याण की दिशा में यह शिविर क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों के लिए लाभकारी सिद्ध हुआ है।





चैंपियंस ट्रॉफी

# बल्लेबाजी के मामले में भारत खिताब के लिए प्रबल दावेदार

**नई दिल्ली (एजेंसी)। मौजूदा आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप विजेता भारत ने इंग्लैंड पर 3-0 से सीरीज जीत के साथ चैंपियंस ट्रॉफी में प्रवेश किया।**

बल्लेबाजों ने अपनी शानदार पारियों से प्रभावित किया, जबकि गेंदबाजों ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशान करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। दुबई में अपने सभी मैचों के साथ, भारत चैंपियंस ट्रॉफी की ओर बढ़ने के लिए अपनी मौजूदा अच्छी लय को जारी रखने के लिए उत्सुक होगा। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम 2017 के बाद पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी में भाग ले रही है। निस्संदेह, भारत की मुख्य ताकत उसके शीर्ष चार शक्तिशाली बल्लेबाज हैं। कप्तान रोहित शर्मा ने कटक में 119 रन बनाकर पहले दस ओवरों में अपने आक्रामक खेल का परिचय दिया, जबकि शुभमन गिल ने अहमदाबाद में शानदार शतक लगाया। रोहित-गिल की सलामी जोड़ी भारत के लिए सबसे सफल जोड़ी रही है।



2023 में एक साथ आने के बाद से, रोहित और गिल ने 27 पारियों में सलामी जोड़ी के रूप में 72.07 के औसत से 1874 रन बनाए हैं, जिसमें छह 100 से अधिक और 11 पचास से अधिक की साझेदारी शामिल है, जो 50 ओवर के क्रिकेट में भारतीय टीम के लिए बेहद उपयोगी सलामी जोड़ी है। जसप्रीत बुमराह के न होने का मतलब है कि भारत के पास खेल को बदलने वाली कोई तेज़ गेंदबाज़ी नहीं है जो खेल के किसी भी चरण में खेल को पलट सकती है। उनकी अनुपस्थिति भारत के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि वे पांड्या, मोहम्मद शमी, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर सकते हैं। भारत की कमज़ोरी का एक और पहलू केएल राहुल की ताकत को कम करना है। यह कोई रहस्य नहीं है कि राहुल पांचवें नंबर पर आसानी से रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं। लेकिन हेड कोच गौतम गंभीर की बाएं-दाएं संयोजन को प्राथमिकता देने की वजह से इसका मतलब है कि अक्षर को उस स्लॉट पर बल्लेबाज़ी करनी होगी। भारत ने आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी 2013 में जीती थी, जब एमएस धोनी कप्तान थे। तब से, वे 50 ओवर के द्धष्टष्ट इवेंट में दो सेमीफाइनल और इतने ही फाइनल में पहुँच चुके हैं।

# पाकिस्तान के पास मैच जीतने वाले खिलाड़ी



**इस्लामाबाद।** एक टीम जो सभी की निगाहों का केंद्र होगी, वह है मेजबान पाकिस्तान, जिसके कप्तान मोहम्मद रिजवान हैं। वे 2017 में इंग्लैंड में आयोजित पिछले संस्करण को जीतने के बाद गत विजेता के रूप में प्रतियोगिता में प्रवेश कर रहे हैं। लेकिन क्या वे खिताब जीतने के प्रबल दावेदारों में से एक के रूप में उभर रहे हैं? पाकिस्तान के पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो किसी खास दिन खेल को बदल सकते हैं। 2023 विश्व कप के बाद वनडे टीम में वापस आए फखर जमान एक झटके में खेल को बदल सकते हैं। अगर बाबर आजम अपनी अच्छी फॉर्म में लौटते हैं, तो पाकिस्तान निश्चित रूप से बड़ा स्कोर बनाने में अच्छा महसूस करेगा। कप्तान मोहम्मद रिजवान, सऊद शकील और सलमान अली आगा शानदार फॉर्म में हैं, जो पाकिस्तान के लिए अच्छा संकेत है। शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह, हारिस रऊफ (अगर टूर्नामेंट के लिए फिट होते हैं) और मोहम्मद हसनैन की तेज गेंदबाजी से टीम को भरोसा और जीत का कारक मिलता है। सैम अयूब टखने के फ्रैक्चर के कारण बाहर हैं और अब्दुल्ला शफीक खराब फॉर्म के कारण बाहर हैं, पाकिस्तान के पास फखर और बाबर के साथ एक नया ओपनिंग कॉम्बिनेशन है, जो अब तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है। बड़ा स्कोर बनाने के लिए पहले दस ओवर महत्वपूर्ण होते हैं, ऐसे में फखर-बाबर की ओपनिंग कॉम्बिनेशन एक कमजोर कड़ी है। इसके अलावा, पाकिस्तान ने अबरार अहमद के रूप में एक विशेषज्ञ स्पिनर को चुनकर सभी को हैरान कर दिया, जो चोटिल होने की संभावना रखता है। न तो सूफियान मुकीम और न ही शादाब खान को चुना गया, इसका मतलब है कि पाकिस्तान की टीम का संतुलन पाकिस्तान ने आखिरी बार 1996 के विश्व कप में किसी बहु-राष्ट्र क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी की थी, जिसमें लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में आयोजित फाइनल भी शामिल था। अब 29 साल बाद, चैंपियंस ट्रॉफी की वापसी के माध्यम से पाकिस्तान एक बार फिर द्धष्टष्ट इवेंट की मेज़बानी करने जा रहा है।

# साउथी का युवा और अनुभवी कीवी मिश्रण को समर्थन

**दुबई।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउथी को भरोसा है कि ब्लैक कैप्स का अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण आगामी चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करेगा, क्योंकि उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान में समाप्त हुई त्रिकोणीय श्रृंखला में उनका प्रभावशाली प्रदर्शन देखा था। 36 वर्षीय साउथी, जिन्होंने तीनों प्रारूपों में न्यूजीलैंड के लिए 776 अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए हैं, 2024 में अपनी सेवानिवृत्ति तक अपने देश की टीम का अभिन्न अंग थे। ट्रेंट बोल्ट भी टीम में नहीं हैं और लॉकी फर्ग्यूसन के खेलने की संभावना बहुत कम है, ऐसे में विल ओरुरके,



जैकब डफी, नाथन स्मिथ और मैट हेनरी इस मार्की आईसीसी इवेंट में तेज गेंदबाजी का भार साझा करेंगे। ÷द्धष्टष्ट इवेंट में ट्रेंट (बोल्ट) और मेरा न होना कुछ अलग है, लेकिन साथ ही, यह रोमांचक भी है। इन इवेंट का हिस्सा बनना शानदार है और अब यह इन लोगों के सामने है, मैं यह देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं कि वे कैसे खेलते हैं।



## रश्मिका मंदाना ने खुद को बताया हैदराबादी तो भड़के लोग

रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी फिल्म छावा को लेकर सुर्खियों में हैं। इसी बीच उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्होंने कहा कि वह हैदराबाद से आती हैं। रश्मिका की यह बात सुनकर उनके कन्नड़ फैंस नाराज हो गए और उन्होंने एक्ट्रेस पर अपने रूट्स को भूलने का आरोप लगा दिया। दरअसल, पिछले दिनों रश्मिका मंदाना फिल्म छावा की प्री-रिलीज इवेंट में पहुंची थीं। इस दौरान रश्मिका कहते हुए नजर आईं, मैं हैदराबाद से हूं और मैं अकेली आई हूं। आज मुझे उम्मीद है कि मैं आप सभी के परिवार का हिस्सा हूं। रश्मिका का यह वीडियो सामने आती ही उनके कन्नड़ फैंस नाराज हो गए।

## सेट पर करीना-बिपाशा में होती थी बहस

फिल्म अजनबी में करीना कपूर और बिपाशा बसु के साथ अमिता नांगिया ने काम किया था। अमिता का कहना है कि फिल्म की शूटिंग के दौरान करीना और बिपाशा में नहीं बनती थी। दोनों के बीच कॉस्टयूम को लेकर बहस होती थी। वे दोनों एक ही डिजाइनर चाहती थीं। अमिता ने करीना और बिपाशा के साथ बॉन्डिंग पर बात की। उन्होंने कहा- मैं करीना से जुड़ नहीं पाई क्योंकि वो बहुत रिजर्व रहती थीं। उनकी मां उनके साथ रहती थीं। मेरा उनके साथ रिश्ता नहीं बन सका, लेकिन हम मिलनसार थे। हम साथ बैठते थे, बाते करते थे। वहीं बिपाशा बहुत नई थीं। वो सिर्फ खुद पर फोकस करती थीं। वो बहुत मिलनसार नहीं थीं।



# ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण पर कोर्ट ने कभी रोक नहीं लगायी, सुप्रीम कोर्ट के सामने भाजपा फिर हुई बेनकाब

## पूर्व एवं वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराजसिंह-मोहन यादव ओबीसी वर्ग से नाक रगड़कर माफी मांगे

इंदौर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आज अपने एक बयान में कहा कि मध्यप्रदेश में ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण नहीं देकर प्रदेश की भाजपा सरकार सुप्रीम कोर्ट के सामने फिर से बेनकाब हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के पक्ष में कभी कोई रोक नहीं लगाई। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी षड्यंत्रकारी सरकार है जो साम दाम दंड भेद से ओबीसी वर्ग को आरक्षण का लाभ नहीं लेने देना चाहती है।



मोहन यादव सरकार और तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कूटरचित और घिनौना राजनीतिक षड्यंत्रकारी चेहरा एक बार फिर जनता के सामने आया है। पूरी भाजपा और शिवराज सिंह और मोहन यादव ओबीसी आरक्षण विरोधी सोच पर जनता और पूरे ओबीसी समाज से नाक रगड़कर माफी मांगे।

श्री पटवारी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में ओबीसी आरक्षण से जुड़ी कुल 75 याचिकाओं पर सुनवाई हुई, मध्य प्रदेश सरकार ने इनमें से 17 याचिकाएं वापस ले ली हैं। मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस अभय एस ओका ने मप्र सरकार की ओर से पैरवी कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि जब मध्य प्रदेश में 27 फीसदी आरक्षण का कानून है तो फिर इसे लागू करने में क्या बाधा है? इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस मामले में न तो हाईकोर्ट में कोई स्टे है और न ही सुप्रीम कोर्ट में। सुप्रीम कोर्ट में एक बार फिर साबित हो गया है कि भाजपा सरकार ओबीसी वर्ग को 27त्न आरक्षण नहीं देना चाहती है।

श्री पटवारी ने कहा कि जब ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने पर विधायकी में निर्णय ले लिया गया तो फिर भारतीय जनता पार्टी अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए ओबीसी वर्ग को गुमराह क्यों कर रही है। हाई कोर्ट ने भी विधायिका के निर्णय पर सहमति दे दी। लेकिन, कार्यपालिका इसका पालन करने में असमर्थ है। यह सोचा-समझा संवैधानिक संकट इसलिए बना हुआ है, क्योंकि भाजपा ओबीसी वर्ग से झूठ बोल रही है। यही कारण है कि भाजपा की रणनीतियों को ध्यान में रखते हुए बार-बार अलग-अलग याचिकाएं दाखिल की जाती हैं।

भाजपा कोर्ट में अलग तरह से प्रेजेंटेशन कर रहे थे कि केवल राजनीतिक लाभ लिया जाए और ओबीसी को आरक्षण का लाभ न दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा से पूछा कि किसने कहा कि ओबीसी को आरक्षण मत दो यह कहां किस कोर्ट ने आपको महसूस कराया। भाजपा को जनता से ओबीसी समाज से बात करनी चाहिए। भाजपा कोर्ट में झूठ बोल रही है। भारतीय जनता पार्टी को जनता से ओबीसी समाज से बात करना चाहिए थी।

श्री पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश के ओबीसी समाज के परिवारजन खासकर ओबीसी के युवा साथी आज सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को कहा कि आपको किसने रोका यह शब्द कहां से आए की 27 प्रतिशत आरक्षण रुकना चाहिए यह संदेश है भारतीय जनता पार्टी आपसे जो बात कर रही थी, उनका काम करने का जो तरीका है उनकी सोच दोनों अलग तरह का है, झूठ बोल रहे थे।

श्री पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बार-बार कहती आ रही है की कमलनाथ जी ने और कांग्रेस ने 27 प्रतिशत आरक्षण दिया, यह समाज के भले के लिए किया गया था और उसे रोकने के लिए किसी ने कोई काम किया तो वह भारतीय जनता पार्टी शिवराज सिंह और मोहन यादव ने किया यह असली चेहरा है भाजपा का और जो बेनकाब हुआ है।

श्री पटवारी ने कहा कि सरकार के वकील के पास भाजपा के लोग खड़े हुये और ओबीसी को लेकर जवाब नहीं दे पाए। उन्होंने कहा कि हम संकल्पित हैं राहुल गांधी जातिगत जनगणना की बात करते हैं, गरीब का आकलन करके उसकी पहचान करके उसको खजाने का लाभ मिले उसको नौकरियों में लाभ मिले शिक्षा में लाभ मिले बराबरी से लड़ाई में सरकार उसका सहयोग करें, राजनीति आर्थिक सामाजिक लड़ाई में हम जनता के साथ हैं।

शिवराज सिंह, मोहन यादव जी और भारतीय जनता पार्टी को सार्वजनिक माफी मांगना चाहिए। ओबीसी समाज को जो आरक्षण मिला उसे रोकने के लिए अगर किसी ने पाप किया तो कांग्रेस पार्टी लामबंद होकर उसका विरोध करेगी।

# प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा नहीं होने की वजह से अब अगले माह भाजपा को मिलेगा नया अध्यक्ष

इंदौर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा फिलहाल अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे। यह दायित्व संभाले हुए उन्हे करीब 6 साल हो गए हैं। कई बार नए अध्यक्ष को लेकर चर्चा चली लेकिन कुछ न कुछ अड़चन आने के कारण नड्डा का कार्यकाल बढ़ता रहा है। इस बार भी कहा जा रहा है कि मार्च में भाजपा को जेपी नड्डा का विकल्प मिल पाएगा। इसकी वजह यह है कि भाजपा के संविधान के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले कम से कम आधी राज्य इकाइयों के अध्यक्षों का चुनाव हो जाना चाहिए। वहीं प्रदेश अध्यक्षों के इलेक्शन से पहले जिलाध्यक्ष चुने जाने चाहिए। अब तक कई राज्य ऐसे हैं, जहां जिलाध्यक्ष ही नहीं चुने जा सके हैं और इसके कारण प्रदेश अध्यक्षों का इलेक्शन अटका है।



इससे पहले नड्डा लोकसभा चुनाव तक के लिए कार्यकाल विस्तार मिला था, लेकिन फिर महाराष्ट्र, हरियाणा जैसे राज्यों के चुनाव के कारण नए अध्यक्ष का चुनाव लटक गया। उम्मीद थी कि जनवरी या फरवरी तक भाजपा को नया अध्यक्ष मिल जाएगा, लेकिन यह फिर से टल गया है।

फिर इसी के कारण राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में भी देरी हो रही है। इसकी एक वजह यह भी रही कि भाजपा ने अपने संगठन की पूरी मशीनरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव में उतार दिया था। इसके कारण कई राज्यों में संगठन चुनाव लटक गए। भाजपा ने अब तक 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 11 में ही प्रदेश अध्यक्ष चुने हैं। कई राज्यों में चुनाव जारी हैं और कहीं तो अध्यक्षों को रिपीट ही किया जा रहा है। अब तक आंध्र प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में जिलाध्यक्षों का चुनाव हो चुका है। लेकिन उत्तराखंड, यूपी समेत कई राज्यों में अब भी इलेक्शन अटका हुआ है। भाजपा संगठन के लोगों का कहना है कि राज्यों में ही चुनाव होना फरवरी या मार्च के शुरुआती दिनों तक संभव है। ऐसे में इसके बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।

इस तरह पूरी संभावना है कि मार्च के आखिर तक ही भाजपा को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। इस देरी कि एक वजह यह भी रही कि लोकसभा चुनाव के बाद भी लगातार राज्यों के चुनाव बने रहे। फिर दिल्ली विधानसभा चुनाव आ गया।

अब बिहार विधानसभा इलेक्शन में करीब 6 महीने का वक्त है। ऐसे में बीच के इस समय का इस्तेमाल भाजपा संगठन में बदलाव के लिए करना चाहेगी। इससे संगठन की कमान संभालने वाले नए अध्यक्ष को भी तैयारी का मौका मिल जाएगा। भाजपा के अध्यक्ष का कार्यकाल तीन साल का ही होता है, लेकिन जेपी नड्डा को इस बार विस्तार मिला। जेपी नड्डा भले ही पीएम नरेंद्र मोदी की छाया में रहे हैं, लेकिन उनके कार्यकाल को कई राज्यों में शानदार जीत और लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने के लिए याद किया जाएगा।

# पूर्व सीएम केजरीवाल के बंगले में रिनोवेशन की होगी जांच, केंद्र ने दिए आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के 6 फ्लैग स्टाफ रोड स्थित सरकारी बंगले में हुए रिनोवेशन की जांच की जाएगी। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने इस संबंध में जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। यह आदेश केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) की रिपोर्ट को आधार बनाते हुए दिया गया है। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, बंगले के निर्माण में कई नियमों का उल्लंघन हुआ है। रिपोर्ट में दावा किया गया है, कि करीब 40,000 वर्ग गज (8 एकड़) क्षेत्र में बने इस बंगले के रेनोवेशन पर 45 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च की गई। भाजपा ने इस मुद्दे को विधानसभा चुनाव से पहले उठाया था और इसे केजरीवाल का शीशमहल करार दिया था।



### भाजपा अध्यक्ष ने की थी शिकायत

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उप-राज्यपाल वीके सक्सेना से शिकायत की थी कि यह बंगला चार सरकारी संपत्तियों को मिलाकर बनाया गया है, जो नियमों के खिलाफ है। उन्होंने मांग की थी कि इस प्रक्रिया को रद्द किया जाए। भाजपा ने स्पष्ट किया है कि आगामी मुख्यमंत्री इस बंगले में निवास नहीं करेंगे। पार्टी ने कहा कि भ्रष्टाचार के प्रतीक के रूप में देखे जा रहे इस बंगले में उनका कोई नेता नहीं रहेगा। इसे लेकर आगे भी सियासत गर्माने के आसार हैं।

# मंत्री विज अब आर-पार के मूड में, कहा- जब सब पहले से ही सोच रखा है तो फिर हमारी जरूरत क्या

अंबाला। अंबाला नगर परिषद चुनाव में टिकट बंटवारे के दौरान अनदेखी से नाराज मंत्री विज अब आर-पार के मूड में नजर आ रहे हैं। अंबाला कैंट से विधायक और भाजपा के वरिष्ठ मंत्री अनिल विज इस समय अपने समर्थकों को टिकट नहीं दिला पाने के गम से उबर नहीं पा रहे हैं और इस कारण वो भड़के हुए हैं। उनके समर्थकों में भी इस मामले को लेकर खासे नाराज हैं।

आक्रोषित मंत्री विज और उनके समर्थकों का कहना है कि यदि लोकल यूनिट की बात को खारिज कर हाईकमान स्तर पर ही सभी फैसले लिए जा रहे हैं तो फिर हमारी जरूरत ही क्या है? समर्थकों का आरोप है कि जो 32 नामों का पार्टी ने ऐलान किया है, उनमें से 15 लोग तो ऐसे हैं, जिनकी सिफारिश स्थानीय स्तर पर किसी भी नेता ने नहीं की थी। इस मामले को लेकर अनिल विज भी भड़के हुए हैं, उनका कहना है कि ऐसे में क्या मैं विदेश चला जाऊं, जब कोई सुनवाई ही नहीं हो रही तो क्या करूं।

गौरतलब है कि अंबाला नगर परिषद चुनाव को लेकर शुक्रवार देर रात लिस्ट जारी हुई थी, जिसके बाद हलचल तेज हो गई। मंत्री विज के समर्थक उनके घर विरोध जताने पहुंचने लगे। यही नहीं शनिवार को भी उनके समर्थकों ने राष व्यक्त किया और आज रविवार को उनके यहां समर्थकों का हुजूम उमड़ा है। बताया जा रहा है कि विज से मिलने और विरोध जताने स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ ही नेता, बूथ और मंडलों के अध्यक्ष भी पहुंचे हैं।

समर्थकों का कहना है कि यदि हाईकमान की ओर से पॉजेटिव जवाब नहीं आता है तो उनके नेता अनिल विज मंत्री पद से भी इस्तीफा दे सकते हैं। यहां मंत्री विज के बयान से भी उनकी नाराजगी साफ झलकी है, जिसे लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं।

## दुनिया में भारत की कंडीशन डाउन.......

# मोदी राज में हर क्षेत्र में पीछे हो रहा देश-कांग्रेस

इंदौर। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट में भारत का स्थान 93 से बढ़कर अब 96 वें स्थान तक पहुंच गया है। ये मोदी जी का अपने मित्रों के लिए किए गए 18-18 घंटे की मेहनत का कमाल है। इससे पहले पहले फोर्ब्स ने 2025 की रैकिंग में दुनिया के 10 सबसे शक्तिशाली देशों की सूची से भारत को बाहर फेंक दिया था। इससे ग्लोबल लेबल पर भारत का बहुत बड़ा नुकसान हुआ।



मोदी जी जबसे देश के प्रधानमंत्री बने हैं, तबसे दुनिया के सारे स्टैंडर्ड पर भारत की कंडीशन बद से बदतर होती जा रही है ।

- भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (सीपीआई) 93वें नंबर से गिरकर 96वें नंबर पर ।
- हेनले पासपोर्ट सूचकांक 2025= भारत 80वें नंबर से गिरकर 85वें नंबर पर ।
- वैश्विक भूख सूचकांक में 105 वें नंबर पर
- वैश्विक शांति सूचकांक में 116 वें नंबर पर
- विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में 159 वें नंबर पर

**शुक्रिया मोदी जी, हमारे भारत को भ्रष्टाचार के दलदल में और गहरे धकेलने के लिए- कांग्रेस**

- लैंगिक असमानता सूचकांक में 129 वें नंबर पर
- विश्व खुशहाली रिपोर्ट में 126 वें नंबर पर
- महिला, शांति और सुरक्षा सूचकांक में 148वें नंबर पर

ये है दुनिया के सामने भारत की असली हकीकत

दुनिया के तमाम रैंकिंग में हमारे पड़ोसियों चीन, पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश और भूटान तक की स्थिति हमसे बेहतर है। मगर ज्यादातर मोर्चों पर हमारी स्थिति कमजोर और दयनीय होती जा रही है।

अब ये मोदी ही बता सकते हैं कि वो किस आधार पर भारत को विश्वगुरू बनाने का झांसा देते हैं? क्या वाकई देश के लोगों को मोदी बेवकूफ समझते हैं ?

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com